सुविचार
कोई भी उस व्यक्ति से प्रेम नहीं करता, जिससे वो डरता है।
अरस्तु

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

वर्ष 2 ■ अंक 174 ■ जबलपुर, गुरुवार 19 जून 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये


अमेरिकी दखल मंजूर नहीं; ईरान के नागरिकों को वॉट्सएप डिलीट करने के आदेश, इजराइली हमले में 585 मौतें

# ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई बोले- सरेंडर नहीं करेंगे

**तेहरान/तेल अवीव। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई ने बुधवार को अपने एक मैसेज में कहा कि अमेरिका सुन ले, हम सरेंडर नहीं करेंगे। खामेनेई ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर इजराइल के खिलाफ जंग में अमेरिकी सेना ने दखल दिया, तो अंजाम बुरा होगा।' खामेनेई का यह मैसेज ईरान की नेशनल टीवी पर प्रेजेंटर ने पढ़ा। खामेनेई ने कहा, 'जो लोग ईरान का इतिहास जानते हैं, उनको पता है कि ईरानी किसी की धमकियां नहीं सुनता। इजराइल ने बहुत बड़ी गलती की है और उसे इसकी सजा मिलेगी। ईरान थोपी गई शांति या युद्ध को नहीं मानेगा।' इससे पहले खामेनेई ने मंगलवार देर रात इजराइल के खिलाफ जंग का ऐलान किया था। उन्होंने पर लिखा- जंग शुरू होती है। हम आतंकी इजराइल को कड़ा जवाब देंगे। उन पर कोई दया नहीं दिखाएंगे। इस ऐलान के बाद ईरान ने इजराइल पर 25 मिसाइलें दागीं। दरअसल, ट्रम्प ने मंगलवार को खामेनेई से सरेंडर करने की मांग की थी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ पर लिखा- अनकंडीशनल सरेंडर (बिना शर्त सरेंडर)। एक पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'ईरान के आसमान पर हमारा कब्जा है। हम जानते हैं कि सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, लेकिन हम उसे मारेंगे नहीं।'**

ईरान ने मंगलवार को नागरिकों को अपने स्मार्टफोन से वॉट्सएप हटाने का आदेश दिया है। सरकार का आरोप है कि मैसेजिंग ऐप के जरिए ईरानी लोगों की जानकारी इजराइल भेजी जा रही है। हालांकि, वॉट्सएप ने एक बयान में इन दावों को खारिज कर दिया और कहा कि वॉट्सएप एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है, जिसका मतलब है कि सर्विस प्रोवाइडर यूजर्स के मैसेज नहीं पढ़ सकता है। ईरान



और इजराइल के बीच 13 जून से संघर्ष जारी है। वॉशिंगटन स्थित एक ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने दावा किया है कि ईरान में मौत का आंकड़ा अब 585 हो चुका है। 1,326 लोग घायल हुए हैं। ईरानी सरकार ने आखिरी बार सोमवार को बताया था कि 230 ईरानी मारे गए हैं और 1,277 घायल हैं। ईरान के जवाबी हमले में कम से कम 24 इजराइली नागरिक मारे गए हैं।

## दो बच्चों सहित 6 की इजराइली हमले में मौत

ईरान के इस्फहान शहर के पास नजफाबाद में इजरायली हमलों में एक प्रेग्नेंट महिला और दो बच्चों सहित 6 लोगों की मौत हो गई। ईरान की तस्नीम न्यूज एजेंसी ने बताया



है कि इजराइल मे नजफाबाद में एक गाड़ी पर अटैक किया था। इसमें एक गर्भवती महिला की मौत हो गई है। वह कुछ हफ्ते बाद ही बच्चे को जन्म देने वाली थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजराइली सेना ने दो वाहनों को निशाना बनाया। हमले में महिला के पति की भी मौत हो गई। मरने वालों में 10 और 13 साल के दो बच्चे शामिल हैं।

## ट्रम्प बोले- ईरान पर हमला करूंगा या नहीं, सिर्फ मुझे पता है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को व्हाइट हाउस के लॉन में पत्रकारों से बात की। इस दौरान ईरान पर हमले की संभावना को लेकर उन्होंने कहा, 'मैं ऐसा कर सकता हूं, शायद नहीं भी कर सकता। मेरा मतलब है, कोई नहीं जानता कि मैं क्या करने जा रहा हूं।' ट्रम्प ने कहा, 'ईरान बहुत परेशान है और वह बातचीत करना चाहता है। लेकिन मैंने उससे कहा कि दो हफ्ते पहले बातचीत क्यों नहीं की? तब सब ठीक हो सकता था। इतनी सारी मौतें, नुकसान नहीं होता।'

## IDF ने कहा- ईरानी मिसाइलों से नुकसान अनुमान से बहुत कम

इजराइल डिफेंस फोर्स (IDF) ने बुधवार को बताया कि ईरानी हमलों में उसे बहुत कम नुकसान हुआ है। IDF के ताजा आंकड़ों के अनुसार, 13 जून को संघर्ष शुरू होने के बाद से ईरान ने इजराइल पर 400 से ज्यादा बैलिस्टिक मिसाइलें और करीब 1,000 ड्रोन दागे हैं। बैलिस्टिक मिसाइलों में से 20 से 30 मिसाइलें इजराइल के शहरी इलाकों में गिरीं। इजराइल में अब तक 24 लोग मारे गए और 500 से अधिक घायल हुए हैं। सेना के अनुसार, IDF ने ईरान के खिलाफ ऑपरेशन की प्लानिंग बनाते समय जो अनुमान लगाया था, हताहतों की संख्या उससे बहुत कम है।

**इजराइल ने ईरान की इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर तबाह की**-ईरान की राजधानी तेहरान में इजराइल के हमले जारी है। इजराइल के रक्षा मंत्री इजराइल काट्स ने पर बताया कि एयरफोर्स के लड़ाकू विमानों ने ईरानी सरकार की इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर को टारगेट किया और उसे तबाह कर दिया। काट्स ने लिखा, 'इंटरनल सिक्योरिटी हेडक्वार्टर ईरानी तानाशाह का मेन हथियार था। जैसा कि हमने वादा किया था, हम सरकार के ठिकानों पर हमले जारी रखेंगे और हर जगह अयातुल्ला शासन पर हमला करेंगे।'

# इंडोनेशिया के लाकी-लाकी ज्वालामुखी में विस्फोट 10KM तक आसमान में उछला राख का गुबार

**कुपांग।** इंडोनेशिया के पूर्वी नुसा तेंगारा प्रांत में माउंट लेवोटोबी लाकी-लाकी से हो रहे लगातार विस्फोट के कारण लोगों को इस क्षेत्र को छोड़ने के साथ ही बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। ज्वालामुखी विज्ञान और भूगर्भीय आपदा न्यूनीकरण केंद्र के अनुसार ज्वालामुखी बुधवार को भी सक्रिय रहा, जिससे इसकी ढलानों पर स्थित कई गांवों में राख फैल गई। मंगलवार के विस्फोट के कारण राख का बड़ा गुबार 10 किलोमीटर तक आसमान में उछला जिससे विमानन अलर्ट उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बुधवार का विस्फोट कम तीव्र था जिसमें राख का गुबार लगभग एक किलोमीटर ऊपर उठ गया। मंगलवार को हुए शक्तिशाली विस्फोट के कारण लोगों को इलाके को खाली करना पडा। प्रांतीय आपदा प्रबंधन और न्यूनीकरण एजेंसी में



आपातकालीन इकाई के प्रमुख गैस्पर लोसा मनीसा ने बताया कि विस्फोट से पहले ही कई निवासियों ने बाहर शरण ले ली थी। इनके अलावा जो इस क्षेत्र में खुद ही अपने घरों में लौट आए थे,उन्हें फिर से घरों को खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा। आपातकालीन इकाई के प्रमुख ने कहा ह्ल तेज हवाओं के साथ ज्वालामुखी की राख का प्रवाह तेज होने के कारण दो अन्य गांवों के निवासियों को सुरक्षित शिविरों में जाने के लिए कहा गया।ह्व उन्होंने कहा कि अब तक किसी के हताहत होने या घरों और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने की सूचना नहीं मिली है।अधिकारी ज्वालामुखी की राख से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर भी विचार कर रहे हैं जो श्वसन संबंधी समस्याएं पैदा कर सकती हैं। उन्होंने कहा ह्ल हमने प्रभावित क्षेत्रों में मास्क और नाक-मुंह को ढकने के कवर वितरित किए हैं लेकिन हमें अभी भी 50,000 से 100,000 और मास्क की आवश्यकता है। राख के बादलों ने हवाई यात्रा को भी बाधित किया है। बाली में आई गुस्ती नगुराह राय अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने विस्फोट के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को रद्द करने की सूचना दी। रद्द किए गए मार्गों में ऑस्ट्रेलिया, वियतनाम, सिंगापुर और मलेशिया की उड़ानें शामिल हैं। उन्होंने कहा ह्ल मंगलवार दोपहर को विस्फोट के बारे में सूचना मिलने के बाद से हमारी टीमें सतर्क और आपस में समन्वय बनाए हुए हैं।

PM बोले- भारत ने ना मध्यस्थता स्वीकारी थी, ना स्वीकारेंगे; सीजफायर PAK के कहने पर हुआ

# ऑपरेशन सिंदूर पर मोदी-ट्रम्प की फोन पर 35 मिनट बात

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से फोन पर बातचीत की, जो लगभग 35 मिनट तक चली। बातचीत के दौरान ढट मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस बात की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान P M मोदी ने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर से जुड़े किसी भी विषय में व्यापार से संबंधित कोई चर्चा नहीं हुई। उन्होंने दोहराया कि पाकिस्तान के कहने पर ही भारत ने सीजफायर किया था। भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता को स्वीकार नहीं करता और आगे भी नहीं करेगा। साथ ही, P M मोदी ने यह भी जोर देकर कहा कि अब भारत आतंकवाद की घटनाओं को प्रॉक्सी वॉर (परदे के पीछे की लड़ाई) नहीं, बल्कि सीधे युद्ध की कार्रवाई के रूप में देखेगा। भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। विदेश सचिव ने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने



पीएम मोदी की तरफ से विस्तार में बताई गई बातों को समझा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के प्रति समर्थन जताया।

**G 7 में होनी थी मोदी-ट्रम्प की मुलाकात, लेकिन हुई नहीं**- ढट मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प की मुलाकात G 7 के इतर होनी तय थी, लेकिन ट्रम्प को 17 जून को G 7 छोड़कर अमेरिका लौटना पड़ा। इस कारण ये मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद ट्रम्प के कहने पर दोनों नेताओं की फोन पर बात हुई। बातचीत करीब 35 मिनट चली। 22 अप्रैल को पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन पर पीएम मोदी से शोक संवेदना जताई थी और आतंक के खिलाफ समर्थन जताया था। इसके बाद दोनों नेताओं 18 जून को यह पहली बातचीत थी। इसलिए पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रम्प ने ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तार से बात की।

**'भारत ने पाकिस्तान में सिर्फ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया'**- मिसरी ने ये भी बताया कि पीएम मोदी ने ट्रम्प को यह स्पष्ट रूप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। भारत ने 6-7 मई की रात को पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (PoK) में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही मेजर्ड (नपे-तुले), प्रिसाइज (सटीक) और नॉन-एस्केलेटरी थे। साथ ही भारत ने ये भी स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की गोली का जवाब हम गोले से देंगे।

# ईरान से रेस्क्यू 110 भारतीय छात्र आज दिल्ली पहुंचेंगे




**येरेवन।** ईरान और इजराइल में जारी संघर्ष के बीच भारत सरकार ने ईरान की उर्मिया मेडिकल यूनिवर्सिटी में पढ़ रहे लगभग 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाल लिया है। इनमें से 90 छात्र कश्मीर के हैं। ईरान से निकाले गए ये छात्र मंगलवार को आर्मेनिया पहुंचे थे, जहां उन्हें राजधानी येरेवन के होटलों में ठहराया गया। इसके बाद आज इन्हें कतर के रास्ते भारत लाया जा रहा है। इंडिगो की एक फ्लाइट आर्मेनिया के येरेवन एयरपोर्ट से इन छात्रों को लेकर कतर की राजधानी दोहा के लिए रवाना हो गई है। इसके बाद एक दूसरी फ्लाइट से इन्हें दोहा से नई दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट लाया जाएगा। इससे पहले मंगलवार को भारतीय विदेश मंत्रालय ने छात्रों को ईरान से बाहर निकालने की पुष्टि की थी। छात्रों ने ईरान से रेस्क्यू की जानकारी दी ईरान से बसों में लाए गए छात्र इन छात्रों को आर्मेनिया बॉर्डर पर नॉरदुज चौकी से बसों में निकाला गया। ईरान में 1,500 स्टूडेंट्स सहित लगभग 10 हजार भारतीय फंसे हैं। ईरानी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मौजूदा हालात में देश के एयरपोर्ट भले ही बंद हैं, लेकिन लैंड बॉर्डर्स खुले हुए हैं। मंत्रालय ने विदेशी नागरिकों से ईरान छोड़ने से पहले अपना नाम, पासपोर्ट नंबर, गाड़ी डिटेल्स, देश से निकलने का समय और जिस बॉर्डर से जाना चाहते हैं, उसकी जानकारी मांगी थी।

मैंगलोर से लाया गया था दुर्लभ किंग कोबरा नागार्जुन

# भोपाल वन विहार में दुर्लभ किंग कोबरा नागार्जुन की मौत, पोस्टमार्टम से खुलेगा राज

**भोपाल। वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में दुर्लभ प्रजाति के किंग कोबरा नागार्जुन की मौत हो गई है। यह किंग कोबरा पिलिकुला बायोलॉजिकल पार्क, मैंगलोर (कर्नाटक) से वन्यप्राणी आदान-प्रदान योजना के तहत 6 अप्रैल 2025 को भोपाल लाया गया था। उसके साथ ही एक अन्य किंग कोबरा नागराजन (आयु लगभग आठ वर्ष) को भी वन विहार में रखा गया था।**

वन विहार प्रबंधन के अनुसार, नागार्जुन (उम्र लगभग 5 साल) की गतिविधियों पर शुरूआत से ही विशेष निगरानी रखी जा रही थी। सीसीटीवी कैमरों के जरिए 24 घंटे उसकी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। वन विहार के वन्यप्राणी चिकित्सकों की टीम पिलिकुला बायोलाजिकल पार्क के विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों के संपर्क में थी।




अधिकारियों के अनुसार 17 जून की शाम तक नागार्जुन पूरी तरह सामान्य व्यवहार कर रहा था। लेकिन 18 जून 2025 की सुबह जब सीसीटीवी में कोई गतिविधि नहीं दिखी तो वन विहार के कर्मचारियों ने एनक्लोजर में जाकर जांच की, जहां नागार्जुन को मृत अवस्था में पाया गया। सांप की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, जिसे विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा किया जाएगा। वन विहार प्रबंधन का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों पर स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

# सोनम के मां-भाई से शिलॉन्ग पुलिस की पूछताछ

## सोनम ने एक नंबर पर 119 बार बात की

## यूपी में आरोपी राज की दादी की मौत

**इंदौर।** शिलॉन्ग पुलिस की एक टीम इंदौर में सोनम के घर पहुंची। इस दौरान सोनम के भाई गोविंद और मां से पूछताछ की। ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी मर्डर केस में नई जानकारी सामने आई है। पता चला है कि सोनम दो मोबाइल नंबरों का उपयोग करती थी। कॉल डिटेल के मुताबिक, एक नंबर पर उसकी मार्च माह के 25 दिन में 119 बार बातचीत हुई है। कई बार लंबी बातचीत भी की गई है। हालांकि, शिलॉन्ग पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस की एक टीम बुधवार दोपहर करीब 1.34 बजे इंदौर में सोनम के घर पहुंची। तीन पुलिस अधिकारियों ने उसकी मां और भाई गोविंद से बंद कमरे में पूछताछ की। सोनम के भाई गोविंद बताया कि- पुलिस ने सोनम के व्यवहार के बारे में पूछताछ की। सूटकेस में रखा उसका सामान भी खोलकर देखा। केस में एक नया नाम सामने आने के सवाल पर गोविंद ने कहा- इसका मुझे आइडिया नहीं है। बता दें, यही पुलिस अधिकारी कल राजा रघुवंशी के घर भी गए थे। उधर, यूपी के फतेहपुर जिले में राजा हत्याकांड के आरोपी राज कुशवाह की दादी का हार्ट अटैक से निधन हो गया। परिवार के मुताबिक अंतिम समय तक वह अपने पोते राज को बेकसूर बताती रही।




निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी

# 3000 रुपए में एक साल के लिए फास्टैग

**नई दिल्ली।** फास्टैग एक प्रकार का टैग या स्टिकर होता है। यह वाहन की विंडस्क्रीन पर लगा हुआ होता है। फास्टैग रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन या RFID तकनीक पर काम करता है। सरकार ने घोषणा की है कि अब फास्टैग के लिए सालाना पास का ऑप्शन भी मिलेगा। इसकी कीमत 3,000 रुपए होगी। 15 अगस्त से ये पास मिलने लगेगा। अभी केवल मंथली पास और जरूरत के हिसाब से रिचार्ज की सुविधा मिलती है। ये पास प्राइवेट व्हीकल्स जैसे कार, जीप, वैन के लिए है। ये एक साल के लिए या 200 टोल क्रॉस करने के लिए वैलिड होगा। यानी, एक टोल क्रॉस करने की कीमत करीब 15 रुपए आएगी। सरकार का दावा है कि इससे देशभर के नेशनल हाईवे के टोल पर भीड़ कम होगी।



## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने पोस्ट में इसकी जानकारी दी...

**सवाल 1: FAST g तो पहले से है, फिर ये पास क्यों?**

**जवाब:** FAST g से हर बार टोल क्रॉस करने पर पैसे कटते हैं। लेकिन इस वार्षिक पास के साथ आप एक फिक्स्ड अमाउंट (3,000) में सालभर या 200 ट्रिप्स तक टोल फ्री घूम सकेंगे। ये उन लोगों के लिए किफायती है जो नेशनल हाईवे पर बार-बार ट्रैवल करते हैं। साथ ही, ये पास टोल सिस्टम को और ऑर्गनाइज्ड बनाएगा, जिससे सबको फायदा होगा। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि इतने टोल क्रॉस करने में करीब 10 हजार रुपए खर्च होते है, अब 3000 रुपए में ही काम हो जाएगा।

**सवाल 2: ये पास कैसे ले सकते हैं?**

**जवाब:** पास लेना बहुत आसान होगा। ठल्लअक्यानी नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और मिनिस्ट्री ऑफ रोड ट्रांसपोर्ट एंड हाईवे जल्द ही हाईवे ट्रैवल एप और अपनी ऑफिशियल वेबसाइट्स पर एक अलग लिंक शुरू करेंगे। वहां से आप पास के लिए अप्लाई कर सकेंगे।

**सवाल 3: 60 किलोमीटर वाला रूल क्या है?**

**जवाब:** कई लोग शिकायत करते थे कि अगर उनके घर के 60 किलोमीटर के दायरे में टोल प्लाजा है, तो बार-बार टोल देना पड़ता है। खासकर जो लोग डेली या हफ्ते में कई बार उसी रास्ते से गुजरते हैं। ये सालाना पास इस प्रॉब्लम को सॉल्व करेगा। अब हर बार टोल देने की जरूरत नहीं।

**सवाल 4: क्या ये पास हर टोल प्लाजा पर काम करेगा?**

**जवाब:** ये पास देशभर के नेशनल हाईवे के टोल प्लाजा पर काम करेगा। आप दिल्ली से मुंबई जा रहे हैं या चेन्नई से बेंगलुरु, हर जगह ये पास स्कैन होगा और पेमेंट हो जाएगा। लेकिन ध्यान दें, ये सिर्फ नेशनल हाईवे के टोल के लिए है, स्टेट हाईवे या लोकल टोल के लिए नहीं।

**सवाल 5: इस पास से सरकार का क्या मकसद है?**

**जवाब**: सरकार और ठल्लअकका मकसद है टोल सिस्टम को और बेहतर करना। सरकार चाहती हैं- टोल प्लाजा पर गाड़ियों की लाइन कम हो। लोग डिजिटल पेमेंट को और ज्यादा यूज करें। टोल कर्मी और ड्राइवर्स के बीच झगड़े खत्म हों। 60 किलोमीटर के दायरे में रहने वालों की प्रॉब्लम सॉल्व हो। ओवरऑल, हाईवे ट्रैवल तेज, आसान, और स्ट्रेस-फ्री हो।


मां रेवा पब्लिकेशन एंड प्रिंटर्स
जबलपुर शहर में सबसे कम दामों में
समाचार पत्र के A to Z कार्य का एकमात्र स्थान
प्रिंटिंग
जॉब वर्क
न्यूज पेपर
पीडीएफ
संपर्क करें 7415685293 7509202320 9340553112
68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड, मुस्कान प्लाजा के पीछे, एम आर 4 रोड, उखरी, जबलपुर (मप्र)






# अमृत सरोवर के बुरे हाल...

## जिम्मेदार और ठेकेदार और विभाग हो रहें है मालामाल..

## लाखो की लागत से बना अमृत सरोवर बूंद-बूंद पानी को तरसता जल जीवन मिशन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** जिला आदिवासी बाहुल्य होने की जानकारी सभी अधिकारी कर्मचारी और ठेकेदारों को है कि इस जिले में जो भी करो कोई कुछ न देखने वाला है न कहने वाला है और न ही कुछ करने वाला है क्योंकि ये जिले में गूंगे बहरों का शहर है तभी तो बाहर से आये अधिकारी कर्मचारी और ठेकेदार जिले से बोरा भर भर के नोट छाप कर ले जाते है और गरीब और गरीब हो रहा है किसी की कोई सुनवाई नही हो रही सब सरकारी खजाने को लूटने में लगे है। वहीं सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के ऐसा कोई विकास खण्ड सरकारी योजनाओं में हुए कार्यों में भ्रष्टाचार गबन न हुआ है और अधिकारियों और ठेकेदार मालामाल न हुए है इसी तर्ज में सरकार ने ग्रामीण अंचल में निवासरत लोगो को और जल संरक्षण के नाम पर लाखों करोड़ों की लागत से सरोवर तालाब बना रहे है पर एक भी काम का नजर नही आ रहा है सब मे सरकारी धन की होली खेली गई है सरकार जिस उद्देश्य ये योजना लागू की थी उस योजना में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एस डी और उपयंत्री ने अम्रत सरोवर में ठेकेदार से साठगांठ कर अपनी जेब भरने में कोई कसर नही छोड़ी है वह कहावत चरितार्थ हो रही है कि दूध की रखवाली बिल्ली कर रही हैं।

### नहीं मिला कोई फायदा

ग्राम वासियों का कहना है वर्ष 2021/22 की स्वीकृति से सरोवर बना जरूर ,है लेकिन इससे पानी की एक बूंद का भी फायदा नहीं मिला। न ही सरोवर खेती के काम आया, और न ही पीने के पानी के लिए। वहीं पूर्वजों के बनाये तालाब कुएं बावड़ियों में आज भी साल भर पानी भरा रहता है और लाखों खर्च कर बने आधुनिक सरोवर आज जल विहीन है।

### एक-एक बूंद को तरस रहे अमृत सरोवर

जिले के विकास खण्ड मोहगांव में लाखों की लागत से बनाये गए अमृत सरोवर आज खुद पानी की एक- एक बूंद के लिए तरस रहे है। सरकार की मंशा थी कि जल संरक्षण कर ग्रामीण इलाकों में निवास करने वाले रहवासियों के लिए जलापूर्ति कर। धरातलीय जल को बढ़ावा देने का जिससे कि गांव में जल संवर्धन के लिए मजबूत आधार बनेंगे और गांव- गांव में तालाब निर्माण कर आमजन से पशु पक्षियों तक प्यास बुझाने का सतत प्रयास करने की योजना थी। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है जिले में बनें ज्यादातर अमृत सरोवर भ्रष्टाचार के दलदल में धसते हुए जा रहे है। गर्मी के शुरूआती मौसम से ज्यादातर सरोवरों में पानी नहीं है लाखो रुपए पानी की तरह बहा कर भी अमृत सरोवर पूरी तरह सूखे पड़े हुए है। जिसका मतलब यह हैं कि सरोवर सर्वेक्षण स्थल में हुई धांधली और मनरेगा योजना में इतनी बढ़ीं राशि से बनाये गए स्टीमेट की सिर्फ खाना पूर्ति मात्र भर है नतीजा...."राशि खत्म" और "*परिणाम शून्य"। दैनिक रेवांचल टाइम्स की टीम को ऐसा ही एक नजारा मोहगांव के ग्राम पंचायत मुनू के ग्राम कसौटा में देखने को फिर से मिला जहां सरकार की महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत मोहगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत मुनू के ग्राम कसौटा में लाखों रुपये की लागत से तैयार किया गया अमृत सरोवर आज बेकार साबित हो रहा है। उद्घाटन के समय योजनाओं और वादों की भरमार थी, लेकिन आज स्थिति यह है कि सरोवर पूरी तरह सूखा पड़ा है। सरोवर में न ही पानी हैं और न ही उपयोग के लायक सरोवर हैं, केवल एक गड्ढा भर सा प्रतीत होता हुआ तालाब जिसमें धूल उड़ रही है। सरोवर के अंदर मटेरियल बिखरा पड़ा है समतलीकरण नही है। जिससे यह प्रतीत होता है कि जनता को सिर्फ और सिर्फ धोखा मिला, वहीं सरोवर सिर्फ दिखावे का प्रतीत होता हैं।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस सरोवर को देखने के लिए जिले के आला अधिकारी, जनप्रतिनिधि और मीडिया भी आए थे। फोटों भी शूट किए गए। ग्रामीणों को बतलाया गया कि यह सरोवर आने वाले समय में "ग्राम की जीवनरेखा" बनेगा। लेकिन कुछ ही महीनों में हकीकत उजागर हो गई। सरोवर में ना तो बारिश का पानी रुका, और ना ही कोई स्थायी जलस्त्रोत से जोड़ा गया। जिससे की ग्रामीण वासी खुद को छला सा महसूस कर रहे हैं।

### लाखों रुपए खर्च कर, परिणाम मिला शून्य

सूत्रों के अनुसार, इस अमृत सरोवर के निर्माण कार्य पर लाखों रुपये का बजट स्वीकृत हुआ था।लेकिन स्थानीय स्तर पर मानव संसाधन, निर्माण सामग्री और गुणवत्ता की भारी अनदेखी की गई। नतीजा यह हुआ कि आज यह सरोवर गांव वालों के लिए बोझ बन गया है।

### भ्रष्टाचार की बू, जांच की मांग

अब सवाल यह उठता हैं कि क्या अफसरो और ठेकेदारों ने सरकारी पैसा की लूट मचा कर रखी हैं और क्या इसकी जांच जरूरी है। क्योंकि जिले में निमार्णाधीन ज्यादातर अमृत सरोवारों को देखने पर ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस योजना में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। अमृत सरोवर योजना की विफलता न केवल सरकारी धन की बबार्दी है, बल्कि यह आमजन के साथ धोखा है।पूरे मामले की गंभीरता से जांच हो जिम्मेदारो पर कार्यवाही हो और अमृत सरोवर वास्तव में अमृत देने वाला बन सकें नही तो आने वाली पीढ़ियों को विरासत में सिर्फ सूखा ही सूखा मिलेगा यह भी निश्चित हैं।

### क्या कहते है जिम्मेदार

गर्मी में पानी कहाँ रहता है। बारिश होगी तब पानी भरेगा बड़े बड़े लाखो क्वीविक क्षमता वाले डेम भी सूख जाते है। फिर ये तो दस हजार वाले डेम है रही बात मेटेरियल का थोड़ा बहुत तो चलता है ठेकेदार भूल गया होगा सभी अमृत सरोवर के यही हाल है।

**पी के कुसमारे, ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा संभाग क्रा.2 मंडला**

काहे का अम्रत सरोवर ठेकेदार और अधिकारियों ने मिलकर सरकारी योजनाओं के पैसा को लूटने का नया नया तरीका ढूंढ निकाले है, सालो पुराने तालाब नही सूखते है पर अब जो बन रहे है वह केवल दिखाने और सरकारी पैसा खाने के लिए काम किया जा रहा है इन्हें लोगो की समस्याओं से कोई लेना देना जबसे ये तालाब बना है कभी पानी देखने को मिला ही नही है पर हाँ जो पैसा आया है उससे ठेकेदार और आर ई एस वालो की एस ही एस रही जिले में जितने भी सरोवर बने है सब घटिया बने सब की जांच होनी चाहिए।

**रामस्वरूप पटैल, स्थानीय ग्रामीण**

# कलेक्टर ने किया 16 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मई माह में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री अरविंद सिंह, जिला कोषालय अधिकारी श्री अखिलेश नेटी, जिला पेंशन अधिकारी श्री अविनाश नागले सहित सेवानिवृत्त कर्मचारियों के परिजन उपस्थित थे। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए गए हैं उनमें बीईओ कार्यालय बिछिया से श्री खुमान सिंह पट्टा, श्री बिहारी लाल सांडया एवं श्री ब्रजेन्द्र कुमार पटेल, बीईओ नैनपुर से श्रीमती रीता येरमा एवं श्री विजय कुमार ठाकुर, बीईओ नारायणगंज से श्री राजेन्द्र कुमार पटेल, बीईओ मोहगांव से श्री निरंजन कुमार अग्रवाल, बीईओ मंडला से श्रीमती शोभा क्षत्री, श्री अमरलाल जंघेला, श्री निर्मल कुमार पटेल, श्री सतीश कुमार पटेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मंडला से श्रीमती अनुसुईया भारद्वाज, भूमि संरक्षण मंडला से श्री अवध बिहारी डहेरिया, पुलिस अधीक्षक मंडला से श्री रोशन लाल राजनेगी एवं श्री रघुवीर सिंह मरावी तथा 35वी बटालियन मंडला से श्री मदनसिंह मरावी शामिल हैं।




# यातायात पुलिस ने तेज आवाज कान फाडू सायलेंसर लगे वाहन चालकों पर की कार्यवाही

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। जिला अंतर्गत संपूर्ण थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने, नियम विरूद्ध एवं शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जा रही है ताकि आमजनों को असुविधा का सामना न करना पडे साथ ही जिले में होने वाली सडक दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके।**

तेज आवाज वाले अमानक कान फाडू सायलेंसर लगे दो पहिया वाहनों के विरूद्ध की गयी चालानी कार्यवाही - यातायात पुलिस द्वारा तेज साउड वाले एवं मॉडीफाई साइलेंसर लगवाकर धमा-चौकड़ी मचाने वाले वाहन के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में थाना यातायात पुलिस द्वारा तेज साउड वाले एवं अमानक मॉडीफाई कान फाडुसाइलेंसर लगवाकर धमा-चौकड़ी मचाने वाले बुलट मोटर सायकिल चालकों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में विगत एक सप्ताह में कान फाडू, तेज आवाज सायलेंसर वाले 06 वाहनों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही की जाकर उनके सायलेंसर निकाले गये है एवं उनके विरूद्ध चालानी कार्यवाही कर 12 हजार रुपए समन शुल्क वसूल किया गया।

### नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर की चालानी कार्यवाही

पुलिस द्वारा जिले में यातायात व्यवस्था में सुधार लाने एवं सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीमों द्वारा विगत एक सप्ताह में संपूर्ण जिला अंतर्गत तीन सावारी वाले दो पहिया चाहन चालक, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट वाहन चालाने वाले, तेज गति से वाहन चलाने वाले, नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले 273 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 126300/- रुपए समन शुल्क वसूल किया गया है।

### बिना प्रिंसिपल सर्टिफिकेट के चल रहे थे कृषि केंद्र

# 14 बीज दुकानों की जांच में 5 सील



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** शासन द्वारा किसानों को अच्छी क्वालिटी के बीज एवं मानक गुणवत्तायुक्त उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मंशा अनुरूप कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा कृषि सेवा दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री अश्विनी झारिया द्वारा विकासखंडवार दलों का गठन किया गया है। इन गठित दलों द्वारा मंगलवार को अलग-अलग क्षेत्रों में 14 कृषि सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। औचक निरीक्षण की इस कार्यवाही में मंडला विकासखंड के ग्राम पुरवा स्थित 2 कृषि सेवा केन्द्र तथा विकासखंड बिछिया के ग्राम सिझौरा के 2 सेवा केन्द्रों को सील कर दिया गया है। कृषि विभाग द्वारा गठित दलों द्वारा मंगलवार को की गई कार्यवाही में श्री डीके बारसकर सहायक संचालक कृषि एवं कृषि विस्तार अधिकारी रामकिशोर सैयाम द्वारा भुवनेश्वरी कृषि सेवा केन्द्र एवं सोनल कृषि केन्द्र पुरवा विकासखंड मंडला का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में प्रिंसिपल सर्टिफिकेट नहीं जुड़े होने के कारण विक्रय प्रतिबंधित करते हुए दोनों प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्यवाही की गई। इसी प्रकार एसडीएम बिछिया श्रीमती सोनाली देव, एसडीओ कृषि मधु अली, सहायक संचालक कृषि डीके बारसकर, एसएडीओ मुकेश कुलस्ते, आरएईओ पार्वती बट्टे एवं रामकिशोर सैयाम द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए बिछिया विकासखंड के ग्राम सिझौरा में कृषि सेवा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

प्रिंसिपल सर्टिफिकेट नहीं जुड़े होने के कारण ग्राम के साहू कृषि सेवा केन्द्र तथा राजपूत कृषि सेवा केन्द्र ग्राम सिझौरा के प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्यवाही की गई। मंगलवार को एक अन्य दल द्वारा सहायक संचालक कृषि श्री रामदास जाटो की अगुवाई में निवास के हरिओम कृषि सेवा केन्द्र, पिपरिया के भवानी कृषि सेवा केन्द्र एवं ठाकुर कृषि केन्द्र का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ठाकुर कृषि केन्द्र निवास का आवश्यक दस्तावेज न होने के कारण प्रतिष्ठान सील किया गया। कार्यवाही के दौरान वीरू कृषि केन्द्र मोहगांव, पाठक कृषि केन्द्र घुघरी, महेन्द्र कृषि केन्द्र, विकास ट्रेडर्स बिछिया, सदगुरू ट्रेडिंग कंपनी का भी औचक निरीक्षण किया गया।

# सुनीता झारिया: समूह से जुड़कर आत्मनिर्भरता की ओर




**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मजबूत इच्छाषक्ति हो तो अपने जीवन को बेहतर बनाया जा सकता है। इसी उक्ति को साकार कर रही स्व सहायता समूह की बहनों ने जिले में अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए है। इसी तरह का अनुकरणीय उदाहरण हैं बीजाडांडी गाँव की सुनीता झारिया। सुनीता दीदी मध्यप्रदेश दीनदयाल अंत्योदय योजना राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तेज सुर्या आजीविका स्व-सहायता समूह से जुड़कर आज एक आत्मनिर्भर महिला बन चुकी हैं। उनका जीवन उन सभी महिलाओं के लिए एक प्रेरणा है जो आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही हैं। पहले सुनीता के परिवार का गुजारा मुख्य रूप से मजदूरी पर निर्भर था। जब मजदूरी नहीं मिलती थी, तो परिवार की आर्थिक स्थिति डगमगा जाती थी। सुनीता और उनके पति दोनों की सिलाई का काम शुरू करने की इच्छा थी, लेकिन पैसों की कमी के कारण यह एक अधूरा सपना सा लग रहा था। सुनीता कहती हैं कि तेज सूर्या आजीविका स्व-सहायता समूह में सदस्य के रूप में जुड़कर बचत करना शुरू किया। शुरूआती दौर में मुझे छोटी-छोटी जरूरतों के लिए समूह से मदद मिली। फिर एक दिन समूह की बैठक में सिलाई के प्रषिक्षण के विषय में जानकारी मिली। निःषुल्क प्रषिक्षण करने के बाद समूह से ही सुनीता को सिलाई का व्यवसाय शुरू करने के लिए 35,000 रुपये की ऋण राशि ली। इस आर्थिक मदद ने सुनीता और उनके पति को हिम्मत दी।



# 2 दिवस में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण करें: कलेक्टर

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में कहा कि सीएम हेल्पलाईन में जिले की रैंकिंग जारी होने में मात्र 2 दिवस का समय शेष है। सभी विभाग प्रमुख सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण पर फोकस करें, जिससे वेटेज स्कोर बढ़े और जिले की रैंकिंग को बेहतर किया जा सके। उन्होंने विभाग प्रमुखों को निर्देशित करते हुए कहा कि लम्बित शिकायतों के संख्या के अनुपात में लक्ष्य तय करते हुए फॉलोअप करें। आगामी 2 दिवस में इन शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिष्चित कराएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांष कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा, एसडीएम मण्डला सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।






# ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस त्रैमासिक निरीक्षण 19 को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सोमेष मिश्रा द्वारा 19 जून को प्रातः 1 बजे रानी फूलकुवर शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में स्थित ईव्हीएम व्हीव्हीपीएटी वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों के प्रतिनिधियों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है।

# 18 जून को जिले में 8.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** जिले में इस वर्ष 1 जून से 18 जून 2025 के दौरान 45.4 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है जबकि इसी अवधि तक गत वर्ष 19.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 25.5 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 जून 2025 को मंडला में 5.2 मि.मी., नैनपुर में 21.8, बिछिया में 10, निवास में 10.4, घुघरी में 4.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस प्रकार जिले में 18 जून 2025 को 8.5 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# ट्रेक्टरो से हो रहा था रेत का अवैध परिवहन, खैरलांजी पुलिस ने रेत के अवैध परिवहन में पकड़ी तीन ट्रेक्टर ट्राली, चालक गिरफ्तार

## फरार मालिकों की तलाश कर रही पुलिस





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट ।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के मामलो के बीच, बुधवार 18 जून को खैरलांजी पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर अवैध रूप से रेत परिवहन कर रही 3 ट्रेक्टर ट्राली को पकड़ा। जिसके चालकों के खिलाफ खनिज अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओ के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रेक्टर चालकों को गिरफ्तार किया है। जबकि ट्रेक्टर मालिक राजेश रिनायत और दूरदर्शन रिनायत, फरार है, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

दरअसल, नवागत एसपी आदित्य मिश्रा ने जिले के सभी थानो और चौकियो में नदी के घाटो से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्यवाही के निर्देश दिए है। जिसके बाद खैरलांजी पुलिस ने यह कार्यवाही की है। खैरलांजी थाना प्रभारी रामसिंह पटेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंदननदी घाट पर कुछ व्यक्ति, अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे है। जिसे गंभीरता से लेते हुए, पुलिस टीम ने रेत से भरे 3 ट्रेक्टरों को रोका। जिससे रेत परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज मांगा गया लेकिन, ट्रेक्टर चालक कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके। जिसके बाद मौके पर ही विधिवत कार्यवाही कर तीनो ट्रेक्टरों को जब्त कर, चालकों के खिलाफ रेत चोरी का अपराध पंजीबद्ध करके, चालकों को गिरफ्तार किया गया है।

रेत के अवैध परिवहन में खैरलांजी पुलिस ने ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 50 ए 7772 के चालक अतरी निवासी रिपेन्द्र पिता गड़ीराम मसराम, एमपी 50 एए 2945 के चालक गणेश पिता शंकर चचाने और एमपी 50 ए 9428 के चालक सावन पिता दिलीप डायरे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जबकि ट्रेक्टर मालिक फरार है। इस कार्यवाही में सउनि. चंद्रशेखर चौधरी, सतीश गेडाम, प्रआर. रमेश ठाकरे, आर. विष्णु जाट, आकाश परिहार, शिवजीत भदौरिया और मगन गौरी की भूमिका रही।



## आबकारी विभाग की अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही, मटको में भरा लगभग 240 किलो लाहन किया जब्त जागरूक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट ।** कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र कुमार उरांव के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर जारी है। बुधवार को आबकारी वृत बालाघाट के द्वारा ग्राम धनसुआ में नाला किनारे अलग-अलग स्थानों पर मटकों में भरा हुआ लगभग 240 किलो लाहन जप्त किया गया। जिसमें 02 प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जप्त सामग्री का बाजार मूल्य लगभग 24,000 रुपये बताया गया है। सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया। कार्यवाही में वृत प्रभारी, उपनिरीक्षक रमाकांत बघेल, आरक्षक सुरेंद्र गजभिए, लखन चौधरी और आरिफ खान उपस्थित रहे।

# मजनता की समस्या सुनना नहीं पार्षदों का हो रहा अपमान सत्ताधारी परिषद के पार्षदों ने नपाध्यक्ष पर लगाया आरोप

## अध्यक्ष ने कहा बैठक के एजेंड के पहले पुराने एजेंडे पर चर्चा करना चाहते थे पार्षद

### विपक्ष की जगह पार्टी के पार्षद ही उठा रहे नपाध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** नगरपालिका परिषद में भाजपा की सरकार है, लेकिन परिषद की बैठक में, विपक्ष की जगह, भाजपा के ही पार्षद, अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर उंगलियां उठा रहे है। दरअसल, बुधवार को नगरपालिका परिषद की बैठक में पुराने एजेंडे पर चर्चा और प्रस्तावो की समीक्षा नहीं किए जाने पर भाजपा के चार पार्षद, सुधीर चिले, सरिता सोनेकर, श्वेता जैन और राज हरिनखेड़े, बैठक छोड़कर, सभागार से बाहर आ गए। उनका आरोप है कि नपाध्यक्ष जनता की समस्याओं को सुनने तैयार नहीं है और वह पार्टी के पार्षदों का अपमान कर रही है, जो ना केवल परिषद बल्कि पार्टी के भी हित में नहीं है।

बुधवार को परिषद में हनुमान चौक में 3 करोड़ से नाला निर्माण, काली पुतली चौक हनुमान मंदिर के पीछे काम्प्लेक्स के फर्स्ट और सेकंड फ्लोर, रोड सेफ्टी, भटेरा में पाईप लाईन शिफ्टिंग और वार्डो के मेजर कार्यो सहित 7 प्रस्ताव लाए गए थे। जिसमें एक प्रस्ताव पर सहमति नहीं बनी लेकिन उक्त प्रस्तावों को पारित कर लिया गया। नपाध्यक्ष के जनता से जुड़ी समस्याओं को नहीं सुनने और अपमानित करने का आरोप लगाने वाले भाजपा पार्षदों ने सुधीर चिले ने कहा कि हम पुराने एजेंडे पर चर्चा करना चाहते थे, चूंकि जो प्रस्ताव जनभागीदारी से पास किए गए थे, वह योजनाओं से करवाए जा रहे है। जिस पर चर्चा करनी थी, चूंकि पूर्व की बैठको में भी कोई चर्चा नहीं होती है, इसलिए इस बार हम पहले चाह रहे थे।

पार्षद सरिता सोनेकर ने कहा कि नगरपालिका में मनमानी हो रही है, वार्डो के कार्य नहीं हो रहे है, हम परिषद में नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे, अध्यक्ष मनमानी कर रही है, सारे प्रस्ताव और बजट गलत है। पार्षद राज हरिनखेड़े ने कहा कि दु:ख की बात है कि सत्तापक्ष के पार्षद बैठक, छोड़कर जा रहे है। वह हमारे वोट और पार्टी के निर्देश पर, अध्यक्ष कुर्सी पर बैठी है। वार्ड में समस्याओं का अंबार है। नगरपालिका को काम्पलेक्स बनाने से ज्यादा, वार्डो में कच्ची रोड को बनाना ज्यादा जरूरी है।

पार्षद श्वेता जैन ने बताया कि वार्ड में हो रहे नाला निर्माण से व्यापारियों को हो रही दिक्कत से जल्द निर्माण की बात कही तो कोई ध्यान नहीं दिया गया। यही नहीं बल्कि खरीदी में जिस तरह से राशि को बड़ाकर दिखाया जा रहा है। वह अनाप-शनाप है, जो कई संदेहों को जन्म देता है।

हालांकि नपाध्यक्ष भारती ठाकुर ने कहा कि पार्षदों के कहने पर पुराने एजेंडे पर पहली चर्चा की गई थी लेकिन वह चाह रहे थे कि उनके विषय पर पहले चर्चा की जाए। चूंकि अन्य पार्षदो के भी विषय थे और परिषद में ज्यादा प्रस्ताव नहीं थे, इस कारण पहले हमने इसे पड़ लेने की बात कही। चूंकि हर बार हम विस्तार से चर्चा करते है। बहरहाल, इस परिषद में जिस तरह से विपक्ष से ज्यादा सत्ताधारी पार्षद, नगरपालिका अध्यक्ष की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहे है, इससे पहले, कभी ऐसा नहीं देखा गया।

# विद्यार्थी शासन क्क किसी लाभ से वंछित न रहें, प्राचार्यो को सुनिश्चित करना आवश्यक

## विद्यार्थियों की स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट प्राचार्यो की व्यक्तिगत जिम्मेदारी



### नवीन शिक्षा सत्र से पहले जनजाति क्षेत्रो की संस्थाओं को कलेक्टर श्री मीना ने दिया मार्गदर्शन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना ने जनजाति क्षेत्रों में संचालित शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्यो को मार्गदर्शन के लिए बुधवार को बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने परिणामों के लिए बेहतर कार्य करने के सम्बंध में बेहतर करने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य व उन्हें शासन से मिलने वाली अनेक सुविधाओं के लिए विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। कलेक्टर श्री मीना ने विद्यार्थियों के प्रवेश के सम्बंध में कहा कि प्रवेश नियमानुसार किये जायें। इसके साथ स्वास्थ्य जांच के बाद उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट की जानकारी हर प्राचार्य को होना आवश्यक है। वहीं नेशनल छात्रवर्ति्त पोर्टल पर सभी दस्तावेजों की एंट्री की जिम्मेदारी भी प्राचार्यो की होगी, किसी भी तरह से वो शासन के लाभ से वंछित न हो, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है। बैठक में सहायक आयुक्त राहुल नायक सहित मंडल संयोजक जोगेंद्र वासनिक, बीसन सिंह बिलखरे व सुश्री रीनल उइके उपस्थित रहे।

### सांदीपनि विद्यालयों में प्रवेश नियमानुसार किया जाए

कलेक्टर श्री मीना ने स्कूल प्राचार्यो से कहा कि शासन द्वारा सांदीपनि स्कूलों में प्रवेश के लिए जो जो नियम निर्धारित किये है। उन सब का पालन आवश्यक रूप से किया जाए। सांदीपनि विधालयों के अलावा अन्य विद्यालयों में वेटिंग ज्यादा हो तो सहायक आयुक्त जिला स्तर से निगरानी के साथ निर्णय करेंगे। इस दौरान कलेक्टर मीना ने कक्षा 10वी और 12वी में शत प्रतिशत परिणाम देने वाली संस्थाओं के प्राचार्यो को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

### सुरक्षा के साथ प्लांटेशन और अंतिम स्कूलों तक होगा योग

कलेक्टर श्री मीना ने सभी प्राचार्यो को सुरक्षा के साथ प्लांटेशन करने की जिम्मेदारी दी है। साथ ही कहा कि पौधे बड़े करने की जिम्मेदारी भी स्कूल की होगी। कलेक्टर श्री मीना ने प्राचार्यो से कहा कि जिले के सभी स्कूलों में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाना है। सभी स्कूलों में आयोजन करें, चाहे वो स्कूल घने जंगल मे क्यो न हो संकुल प्रभारी की जिम्मेदारी होगी।

# बीसीएम पर आदिवासी आशा कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने का आरोप आशा कार्यकर्ताओं ने प्रशासन और सीएचएमओ को सौंपा ज्ञापन

## संघ अध्यक्ष ने कहा घटना दुर्भाग्यपूण और अमानवीय





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बुधवार 18 जून को जिले की आशा कार्यकर्ताओं ने, भारतीय मजदूर संघ की अगुवाही में सीएमएचओ डॉ. परेश उपलप और कलेक्टर के नाम संबोधित ज्ञापन, डिप्टी कलेक्टर राहुल नायक को सौंपा। अधिकारियों ने आशा कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया है कि उनकी मांगो पर गंभीरता से विचार कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

दरअसल, आशा कार्यकर्ता, जिले के बिरसा विकासखंड के गुदमा क्षेत्र में पदस्थ आदिवासी महिला आशा कार्यकर्ता ललती उइके को विगत 14 जून को बीसीएम द्वारा तीन घंटे तक खड़ा कर प्रताड़ित किए जाने तथा नौकरी से निकालने की धमकी दिए जाने की शिकायत लेकर पहुंची थी। आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि बीसीएम की प्रताड़ना से महिला मानसिक तनाव लेकर बीमार हालत में पड़ी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण और अमानवीय है। उन्होंने बीसीएम किशोर डेमुरे को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। आशा कार्यकर्ता संघ ने चेतावनी दी है कि बीसीएम पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो वह आंदोलन करेगी। एक जानकारी के अनुसार जिले में लगभग 2 हजार आशा कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं को दूरस्थ और ग्रामीण अंचलो में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

आशा कार्यकर्ताओं ने कहा कि एक ओर अधिकारी, हमारे साथ ऐसा व्यवहार करर है तो दूसरी ओर उन्हें अब तक जनवरी से मई तक का मानदेय नहीं मिला है। संघ अध्यक्ष अनिता जामुनपाने ने आरोप लगाया कि हाल ही में सीआरएम टीम के दौरे से पूर्व बिरसा ब्लॉक में आशाओं से 26 रूपए की राशि जबरन वसूली गई। जिसकी निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होने बताया कि चिकित्सा अधिकारी, आशा कार्यकर्ताओं को शाम 6 बजे के बाद हितग्राहियों के घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का दबाव बना रहे है, जबकि इसके लिए न तो कोई भुगतान निर्धारित है और न ही आधिकारिक आदेश। संघ ने मांग की है कि इस कार्य के लिए स्पष्ट दर तय की जाए, मोबाइल उपकरण दिए जाएं और लिखित आदेश जारी किया जाए।

अध्यक्ष अनीता जामुनपाने ने बताया कि हमारी आशा कार्यकर्ताओं की लगातार परेशानियां बड़ती जा रही है। हम लोग काम कर रहे हैं लेकिन उसके पूर्ण मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। अगर मानदेय न मिलने की शिकायत करो तो प्रताड़ित किया जाता है। भारतीय मजदूर संघ जिला प्रमुख राजकुमार मोहारे ने बताया कि आशा कार्यकर्ता को प्रताड़ित करने वाले अधिकारी को तत्काल बर्खास्त किया जाए। यदि जल्द, हमारी मांग पूरी नहीं होती तो भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले काम बंद कर आंदोलन किया जाएगा।

RED WINE SHOP
अब आपके शहर बालाघाट में...
वाइन क्या है ? वाइन ताजा अंगुर के रस से बना एक स्वास्थ्यवर्धक पेय पदार्थ है,वाइन में प्राकृतिक रूप से पानी ,शर्करा ,एल्कोहल विटामिन्स,फिनॉल व कई प्रकार के आग्रेनिक एसीड पाए जाते है,वाइन के निश्चित मात्रा में नियमित सेवन से कई बीमारियाँ से बचा जा सकता है।
वाइन कैसे बनती है ? वाइन बनाने की प्रक्रिया को Fermentation Process कहते है। जिसमें वाईन बनाने के लिऐ अंगूर के जूस में खमीर मिलाया जाता है,जो कि जूस के अंदर मौजूद शुगर के साथ क्रिया कर के उस शुगर को अल्कोहल में परवर्तित कर देता है। यही प्रक्रिया Fermentation कहलाती है।
वाइन के प्रकार 1. ड्राई वाइन (Dry Wine) - इन वाइन का स्वाद पीने में मिठा नही होता है।
यह ड्राई वाईन नेचुरल भी होती है। इसमे किसी भी प्रकार का फ्लेवर या अल्कोहल अलग से नही मिलाया जाता।इसे शुगर का मरीज आसानी से मेडिसीन के तौर पर निश्चित मात्राा में पी सकता है। जो कि शरीर के लिए लाभदायक है।यह वाईन फॉरेन टेस्ट प्रोफाईल की होती है, जो कि स्वाद में हल्की कड़वी / खट्टी (ड्राई) होती है। यह कलर में डार्क रेड होने के साथ-साथ स्वीट वाईन के मुकाबले गाढ़ी (मिडीयम बॉडी वाईन) होती है। इसका आफ्टर टेस्ट (पीने के बाद का स्वाद) समझने की कोशिश करें तो यह हल्का खट्टा-मिठा और ड्राई फील कराती है।
2. फोर्टीफाईड वाइन (Fortified Wine) - जब वाईन में नये स्वाद के लिए किसी प्रकार का फ्लेवर थोड़ा मिठा करने के लिए शुगर,और अधिक स्ट्रॉंग करने के लिए अल्कोहल मिलाया जाता है, तो उस प्रक्रिया को फोर्टीफिकेशन कहा जाता है। फोर्टीफाईड वाइन स्वाद में मिठी और फ्लेवर्ड होने के साथ साथ स्ट्रॉंग भी होती है। पोर्ट वाईन भी इसी मैथड पर बनती है क्योंकि वह भी स्वीट और स्ट्रॉंग वाईन की कैटेगरी मे आती है।
वाइन का स्वास्थ्य पर लाभप्रद प्रभाव -?
1. वाइन का नियमित सेवन (प्रतिदिन Male 120&160-Female 60&120 ml )हार्ट आटेक (Heart Attack) की संभावना को 80: तक कम करता है।
2. रक्त परिसंचरण को व्यवस्थित कर शरीर मे ऑक्सीजन की उपलब्धता करता है।
3. वाइन में पाया जाने वाला फिनॉल जिन्हे टेनिन कहा जाता है,में एन्टी ऑक्सीडेन्ट गुण पाये जाते है,जिनका स्वास्थ्य पर बहुत अच्छा प्रभाव पडता है।
4. वाइन में एन्टी एजिंग का गुण पाया जाता है,जो कि त्वचा से फ्री रेडिकल्स हटाता रहता है तथा झुरियाँ नही होने देता है।
5.वाइन में कार्सिनोजीन्स (कैंसर उत्पन्न करने वाला कारक)के निर्माण को रोकने की अदभूत क्षमता होती है जिससे कैंसर रोग से बचा जा सकता है।
6.वाइन कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करता है।
7.वाइन पाचन तंत्र को सुव्यस्थित करता है।
8.वाइन किडनी की कार्य क्षमता को बढ़ाकर शरीर से विषैले पदार्थ (Toxin) के उत्सर्जन में सहायता करता है।
9. वाइन का नियमित सेवन रक्त में एल्कोहल की मात्रा को नियमित कर बॉडी को रिलेक्स करता है। जिससे शारीरिक व मानसिक तनाव घटता है।
10. ड्राय वाइन शुगर फ्री होती है,जो डायबिटीज के रोगी लिये भी लाभप्रद हैं।
शराब छोड़े जीवन अपनाएं
मदिरापान स्वास्थ के लिए हानिकारक है।
पता : होटल मल्लिकाअर्जुन के पास ,गोंदिया रोड़ बालाघाट
मोबाईल नं. 9098152277

## संपादकीय

## युद्ध की आर्थिक लहर

भारत ईरान से सबसे अधिक मात्रा में कच्चा तेल और गैस आयात करता है। दुनिया के जिन देशों में तेल और गैस की आपूर्ति की जाती है, करीब 20 फीसदी आपूर्ति ईरान ही करता है। यदि कच्चे तेल की कीमत 1 डॉलर प्रति बैरल बढ़ती है, तो भारत का आयात बिल 14,000 करोड़ रुपए बढ़ जाता है। इजरायल-ईरान युद्ध भडकने से तेल की कीमतें करीब 7 फीसदी बढ़ चुकी हैं। निवेशक और तेल कंपनियां चिंतित हैं कि यह युद्ध कब तक चलेगा? समग्र तौर पर देखें, तो बीते कुछ सप्ताह के दौरान कच्चा तेल औसतन 10 डॉलर महंगा हुआ है। इसमें अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप की ह्यटैरिफ नीतिह्न का भी योगदान है। अमरीका अपने व्यापारिक साझेदारों को भी नहीं छोड़ता। बहरहाल तेल महंगा होता जाता है, तो कमोबेश भारत की जीडीपी पर 1.5 फीसदी तक का प्रभाव पड़ सकता है। अभी जो मुद्रास्फीति नियंत्रण में लग रही है, वह भी निश्चित रूप से बढ़ेगी। रुपया और भी कमजोर होगा। योजनाओं के लिए चुनौतियां पैदा हो सकती हैं। होर्मुज के बंद होने से अतिरिक्त वक्त के साथ-साथ खर्च भी बढ़ेगा, लिहाजा युद्ध किसी भी देश के लिए फायदेमंद स्थिति नहीं है। ईरान और ओमान के बीच एक संकरा-सा जलमार्ग है-होर्मुज जलडमरूमध्य। भारत करीब दो-तिहाई कच्चा तेल और करीब 50 फीसदी प्राकृतिक गैस इसी रास्ते से आयात करता है। भारत अपनी 80 फीसदी से अधिक ऊर्जा-जरूरतों के लिए आयात पर ही निर्भर है, लिहाजा यहां कोई भी व्यवधान तेल की कीमतों, शिपिंग लागत और बीमा बढ? का कारण बनेगा। भारत का पश्चिमी देशों को करीब 30 फीसदी निर्यात इसी रास्ते से किया जाता है। भारत का ईरान के साथ कारोबार 14,246 करोड़ रुपए और इजरायल के साथ 27,608 करोड़ रुपए का है। 2024-25 में भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का माल निर्यात किया था और 44.19 करोड़ रुपए का आयात किया। इजरायल को 2.15 अरब डॉलर का निर्यात और 1.61 अरब डॉलर का आयात किया। ईरान इस जलमार्ग को बंद करने की धमकी पहले भी दे चुका है और अब तो युद्ध के हालात हैं। होर्मुज से ही दुनिया के तेल-परिवहन का बड़ा हिस्सा गुजरता है। ईरान 33 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चे तेल का उत्पादन करता है। एक फ्रेंच बैंक के मुताबिक, ईरान का तेल-निर्यात गिर कर 16 लाख बैरल प्रतिदिन हो गया है। उसकी उत्पादन क्षमता से बिल्कुल आधा उसका निर्यात हो गया है। यदि बाजार से यह सप्लाई भी हटा ली जाए अथवा युद्ध के कारण ऐसा करना पड़े, तो ओपेक अपने उत्पादन में कोई कटौती किए बिना ही 22 लाख बैरल रोजाना की क्षतिपूर्ति कर सकता है। मौजूदा हालात में विशेषज्ञों के आकलन हैं कि तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल तक बढ़ सकती हैं। यह किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के खिलाफ एक मजबूत लहर की स्थिति होगी। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपनी हालिया रपटों में खुलासा किया है कि वैश्विक तेल की मांग घट सकती है, क्योंकि युद्ध के तनाव देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर नकारात्मक असर डालेंगे। बहरहाल बुनियादी चिंताएं और सरोकार होर्मुज को बंद करने के मद्देनजर हैं। अमरीकी निवेशक संस्थानों के आकलन हैं कि इस रास्ते को बंद किया गया, तो भी तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से अधिक उछल सकती हैं। इन कीमतों का स्थानीय पेट्रोल पंपों पर कितना असर पड़ेगा, यह सरकार के फैसले पर है, क्योंकि कच्चा तेल सस्ता हुआ था, तो स्थानीय ग्राहकों को रियायत नहीं दी गई थी। आज भी पेट्रोल-डीजल के दाम 100 रुपए प्रति लीटर के करीब हैं। बहरहाल ईरान और इजरायल दोनों देशों के साथ भारत के महत्वपूर्ण संबंध हैं। यह आर्थिक लहर वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है।

# पूर्वोत्तर में चुनौती बन रहा बांग्लादेश

मजहबी मिजाज के यूनुस के दौरे हुकूमत में बांग्लादेश में जिस प्रकार मानवाधिकारों का सरेआम उल्लंघन हो रहा है तथा मजलूमों का कत्ल हो रहा है, इस खौफनाक सूरत-ए-हाल से मोहम्मद यूनुस के नोबेल शांति पुरस्कार पर कई सवाल उठ रहे हैं। अलबत्ता भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य ताकत है विभाजन से पूर्व बांग्लादेश भी हिंदोस्तान का हिस्सा था। उस दौर में ढाका अपनी बेहतरीन मलमल की तिजारत के लिए दुनिया का मरकज बन चुका था। कई देशों के बादशाहों तथा अमीर घरानों के लिबास ढाका की मलमल से ही तैयार होते थे। मान्यता है कि देवी पुराण में उल्लेखित 51 शक्तिपीठों में से सात शक्तिपीठ बांग्लादेश में स्थित हैं। ढाका का नाम विख्यात शक्तिपीठ ढाकेश्वरी देवी के नाम पर पड़ा है। ढाका की पीठासीन ढाकेश्वरी देवी के मंदिर का निर्माण 12वीं शताब्दी में सेन राजवंश के शासक बल्लाल सेन ने कराया था। ढाका की महान सांस्कृतिक विरासत ढाकेश्वरी मंदिर को बांग्लादेश का राष्ट्रीय मंदिर भी घोषित किया गया था। अगस्त 2024 में वजीरे आजम शेख हसीना की हुकूमत के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश के सदर मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश की हुकूमत का मुखिया बनाया है। लेकिन मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांग्लादेश एक नई करवट ले चुका है।



बांग्लादेश की राजधानी ढाका कट्टरपंथ की दारुल हुकूमत बन चुकी है। जगजाहिर है कि बांग्लादेश भारतीय सेना की कुर्बानियों से वजूद में आया था, मगर अगस्त 2024 में कट्टपंथियों ने बांग्लादेश के राष्ट्रीय स्मारक परिसर में मौजूद सन् 1971 की जंग से जुड़े भारतीय सैन्य अधिकारियों के मुजस्समें तोड़ डाले हैं। 12 जून 2025 को ढाका के नजदीक सिराजगंज जिले में कचहरीबाड़ी में भीड़ ने हमला करके बांग्लादेश के राष्ट्रगान आमार सोनार बांग्ला के रचयिता तथा नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में तोडफोड़ कर डाली। मार्च 2025 में चीन के दौरे पर गए यूनुस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लैंड लॉक्ड क्षेत्र बताया तथा खुद को महासागर का संरक्षक बताकर ड्रैगन को अपने मुल्क में निवेश की दावत दे डाली। जबकि हकीकत यह है कि तीन तरफ से भारत से घिरे बांग्लादेश को इंडिया लॉक्ड मुल्क कहा जाता है। भारत की 4097 किमी लंबी सरहद बांग्लादेश के साथ लगती है। उत्तर में नेपाल, भूटान व चीन तथा दक्षिण में बांग्लादेश से घिरे भारत के बंगाल राज्य का सिलीगुड़ी क्षेत्र जिसे चिकन नेक कॉरीडोर कहा जाता है, सामरिक अहमियत वाले इस चिकन नेक पर चीन की नजर हमेशा रहती है। चूंकि खुद को महाशक्ति समझने वाले अमरीका व चीन जैसे मुल्क दूसरे देशों की सरजमीं पर बंदरगाहें, एयरबेस व सैन्य अड्डे जैसे बुनियादी ढांचे तामीर करके दुनिया पर कूटनीतिक दबाव बनाने की कोशिश करते हैं। बांग्लादेश भी सिलीगुड़ी चिकन नेक पर कब्जा करने का ख्वाब देख रहा है। सिलीगुड़ी कॉरीडोर से 120 किमी दूर बांग्लादेश अपने लांलमोनिरहाट क्षेत्र में एक एयरबेस बना रहा है। बांग्लादेश के पायलट पाकिस्तान में फाइटर जेट्स उड़ाने की तालीम हासिल कर रहे हैं। प्रश्न यह है कि भारत से घिरे बांग्लादेश को आखिर खतरा कहां से है। शेख हसीना की हुकूमत रुखसत होने के बाद बांग्लादेश भारत विरोधी गतिविधियों का सबसे बड़ा मरकज बन चुका है। बांग्लादेश की सरजमीं पर वहां की चरमपंथी जमातें, पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा तुर्की की तिकड़ी के साथ चीन की जुगलबंदी से पूर्वोत्तर में भारत के खिलाफ एक नया महाज बन चुका है। हाल ही में तुर्की समर्थित सल्तनत-ए-बांग्ला नामक चरमपंथी जमात ने ढाका विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान ग्रेटर बांग्ला नामक नक्शा जारी करके उसमें भारत के कई पूर्वी राज्यों को दशार्या था। ये संगठन बांग्लादेश के युवाओं को जिहादी विचारधारा के प्रति प्रेरित कर रहा है। बांग्लादेश की खुफिया एजेंसी डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ फोर्सेज इंटेलिजेंस पूर्वोत्तर राज्यों के चरमपंथी गुटों की मदद करती है। बांग्लादेश के इतिहास में पहली मर्तबा ग्यारह सितंबर 2024 को भारत विभाजन के गुनाहगार मोहम्मद अली जिन्ना की 76वीं बरसी मनाई गई। ढाका के प्रेस क्लब में हुए उस आयोजन में जिन्ना को बांग्लादेश का राष्ट्रपिता घोषित करने की मांग भी उठी। यूनुस के सत्ता संभालते ही बांग्लादेश त्रिपुरा में बहने वाली मुहुरी नदी पर बांध बना रहा है। जबकि सन् 1972 के इंदिरा-मुजीब समझौते के अनुसार जीरो लाइन के दोनों तरफ डेढ़ सौ गज के भीतर किसी भी स्थायी निर्माण की अनुमति नहीं है। 22 अप्रैल 2025 को जब पाक परस्त आतंकियों ने पहलगाम में पर्यटकों की हत्या की थी, उस वक्त बांग्लादेश के हुक्मरानों का एक और जहालत भरा ख्वाब बेनकाब हुआ। बांग्लादेश के रिटायर्ड जरनैल एएलएम फजलुर रहमान ने कहा कि यदि भारत ने पाकिस्तान पर हमला किया तो बांग्लादेश को चीन से मिलकर भारत के नार्थ-ईस्ट पर कब्जा कर लेना चाहिए। फजलुर रहमान को यूनुस ने सन् 2009 में पिलखाना में हुई बांग्लादेश राइफल्स की खूनी बगावत की जांच कमेटी का चीफ नियुक्त किया है। चीन की मदद से बांग्लादेश सिलिगुड़ी कॉरीडोर पर कब्जा करने का ख्वाब देख रहा है ताकि शेष भारत से पूर्वोत्तर अलग हो जाए। हैरत की बात है कि भारत विरोधी एजेंडे में मशरूफ मोहम्मद यूनुस को अमरीका की टाइम पत्रिका ने वर्ष 2025 की सूची में दुनिया के सौ सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। सन् 2006 में मोहम्मद यूनुस को नोबेल शांति पुरस्कार से नवाजा गया था। लेकिन मजहबी मिजाज के यूनुस के दौरे हुकूमत में बांग्लादेश में जिस प्रकार मानवाधिकारों का सरेआम उल्लंघन हो रहा है तथा मजलूमों का कत्ल हो रहा है, इस खौफनाक सूरत-ए-हाल से मोहम्मद यूनुस के नोबेल शांति पुरस्कार पर कई सवाल उठ रहे हैं। अलबत्ता भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य ताकत है। दस डिवीजनों की सेना वाला बांग्लादेश अपनी हैसियत से बड़े ख्वाब देख रहा है। जब तालाब खुद को समंदर समझ बैठे, तो उसे उसकी हदूद का एहसास कराना जरूरी है। विदेशी ताकतों की कठपुतली बन चुका बांग्लादेश पूर्वोत्तर की चुनौती बनकर भारत के लिए एक नई मुसीबत बन जाए। एहसान फरामोश बांग्लादेश को ऑपरेशन सिंदूर जैसी झलक दिखाकर उसकी औकात दिखानी होगी।

## राशिफल

मेष :- इष्ट मित्रों से लाभ होगा, भोग ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी तथा रुके कार्य बन जायेंगे

वृष :- अपनों से तनाव, प्रत्येक कार्य में बाधा, लाभकारी योजना हाथ से निकल जायेगी

मिथुन :- धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, तथा कार्य वृत्ति में सुधार होगा, रुके कार्य बनेंगे

कर्क :- कार्य योजना फलीभूत होगी, दैनिक सफलता के कार्य संभव होंगे तथा तनाव से बचें रहे

सिंह :-इष्ट मित्रों से सुख वर्धक हो, मनोबल उत्साह वर्धक बना ही रहेगा, कार्य गति में सुधार होगो

कन्या :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, दैनिक व्यवसाय में सुधार होगा, चिन्ता मुक्त होगे

तुला :- आर्थिक योजना सफल होगी, समय पर सोचे कार्य बने तथा किसी के धोखे से बचेंगे

वृश्चिक :- दूसरों के कार्य में भटकना पड़ेगा, समय को बचाकर चलने से लाभ अवश्य ही होगो

धनु :- दैनिक कार्य गति में सुधार , कार्य योजना फलीभूत होगी, कार्य का ध्यान रखे


मकर :- किसी का कार्य बनने से संतोष, चिन्ता निवृत्ति व्यावसायिक स्थिति में सुधार अवश्य होगा

कुम्भ :- स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बैचेनी, उदर विकार, विद्या बाधा, कार्य बाधा अवश्य ही होगी

मीन :- भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे, मित्रों का सहयोग अवश्य मिलेगो

## जगन्नाथ मंदिर से जुड़े ये रहस्य जानकर रह जाएंगे हैरान, 800 साल से भी ज्यादा पुराना है मंदिर

पुरी के जगन्नाथ मंदिर के बारे में तो हम सभी जानते हैं। इस मंदिर को हिंदुओं के चार धामों में से माना जाता है। ओडिशा के शहर पुरी में मौजूद यह विश्व प्रसिद्ध मंदिर भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतार भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित है। दुनियाभर से हर साल लाखों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। यह मंदिर 800 साल से भी अधिक पुराना है। इस मंदिर से जुड़ी कई ऐसी चमत्कारी और रहस्यमयी चीजें हैं, जिसको सुनकर व्यक्ति हैरान हो जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़े कई रहस्यों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको सुनकर आप भी हैरान रह जाएंगे।



### धड़क रहा भगवान का हृदय

धार्मिक मान्यता है भगवान श्रीकृष्ण ने इसी मंदिर में अपनी देह त्याग की थी। भगवान श्रीकृष्ण के शरीर के एक हिस्से को छोड़कर उनकी पूरी देह पंचतत्व में विलीन हो गई थी। यह हिस्सा हृदय था। माना जाता है कि मंदिर में रखे श्रीकृष्ण की लकड़ी की देह में आज भी वह हृदय धड़क रहा है।

### समुद्र के लहरों की आवाज

मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं का कहता है कि मंदिर के सिंहद्वार में जाने पर यानी की जब तक कदम अंदर नहीं जाते हैं, तो समुद्र के लहरों की आवाजें आती हैं। लेकिन जैसे ही सिंहद्वार में कदम पड़ते हैं, वैसे ही समुद्र की लहरों की आवाजें बंद हो जाती हैं।

### 18 सालों के लिए बंद होगा मंदिर

जगन्नाथ मंदिर के शीर्ष पर झंडा लगा है। कहा जाता है कि यह झंडा हमेशा हवा की विपरीत दिशा में उड़ता है। धार्मिक मान्यता है कि मंदिर के शीर्ष पर लगा झंडा रोज बदला जाता है और अगर किसी दिन यह झंडा नहीं बदला गया, तो जगन्नाथ मंदिर 18 साल के लिए बंद हो जाएगा। क्योंकि पुराना झंडा बुरी ऊर्जा को खींचता है, इसलिए इसको हटा दिया जाता है।

### मंदिर की रसोई

जगन्नाथ मंदिर की रसोई में भी एक हैरान कर देने वाला रहस्य है। इस मंदिर की रसोई में जो भी प्रसाद बनता है, वह सात मिट्टी के बर्तनों में बनता है। सातों बर्तनों को एक के ऊपर एक रखा जाता है। हैरानी की बात यह है कि जो बर्तन सबसे ऊपर रखा जाता है, वह प्रसाद सबसे पहले बनकर तैयार होता है, फिर छठा, पाँचवाँ, चौथा, तीसरे, दूसरे और पहले बर्तन का प्रसाद बनकर तैयार होता है।

### शिखर की छाया

बता दें कि इस मंदिर के शिखर पर एक सुदर्शन चक्र लगा हुआ है। जिसके बारे में बताया जाता है कि आप उसको किसी भी दिशा से खड़े होकर देंखे, लेकिन चक्र का मुंह हर दिशा से आपकी तरफ लगेगा। यह भी एक रहस्य है कि मंदिर के शिखर की छाया हमेशा अदृश्य रहती है। इसकी छाया को कोई जमीन पर नहीं देख पाता है।

## 26 साल में भी फीका नहीं पड़ा हम दिल दे चुके सनम का जादू



मुंबई। संजय लीला भंसाली भारतीय सिनेमा के सबसे दूरदर्शी फिल्ममेकर्स में से एक हैं। वो कहानी कहने, इमोशन्स, म्यूज़िकऔर भव्यता के सच्चे उस्ताद हैं। उनकी फिल्में दर्शकों को जैसे वक्त और संस्कृति की सैर पर ले जाती हैं—कुछ वैसा ही जादू जो कभी राज कपूर, गुरु दत्त और के. आसिफ की फिल्मों में दिखता था। उनकी कई यादगार फिल्मों में से हम दिल दे चुके सनम आज भी एक ऐसा क्लासिक है जो वक्त के साथ और निखरता गया है। आज से पूरे 26 साल पहले रिलीज हुई ये रोमांटिक म्यूज़िकल ड्रामा फिल्म आज भी लोगों के दिलों में बसी हुई है। इसके यादगार परफॉर्मेंस, दिल को छू लेने वाले गाने, खूबसूरत कॉस्ट्यूम्स और शानदार विजुअल्स यानी हर एक चीज इतनी बारीकी से बनाई गई कि ये सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक एहसास बन गई। भंसाली ने बस कहानी नहीं सुनाई, एक इमोशन रचा। ऐसे में यहाँ पढ़ें 7 टाइमलेस वजहें जिनकी वजह से ये मास्टरपीस दोबारा देखने लायक है।

## राजस्थान का सीताबाड़ी मंदिर

मंदिरों की नगरी कहे जाने वाले राजस्थान में कई प्रसिद्ध मंदिर स्थित हैं। यहां पर कई उत्सव और त्योहार मनाए जाते हैं। जिसमें यहां की परंपराएं और रीति-रिवाजों की झलक देखने को मिलती है। सीताबाड़ी राजस्थान के बारां से लगभग 45 किलोमीटर दूर स्थित एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है, जिसका संबंध सीता माता से जुड़ा है। सीता माता को एक आदर्श पत्नी के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने कभी अपने सतीत्व को भंग नहीं किया। रावण की कैद में रहने के बाद भी वह सदैव पतिव्रता नारी रहीं। सीताबाड़ी मंदिर भारत के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में से एक माना जाता है। इसका हिंदुओं के लिए धार्मिक और ऐतिहासिक महत्त्व है। सीताबाड़ी को वो पवित्र जगह माना जाता है, जहां भगवान श्री राम ने अपनी पत्नी को समाज से निकालने के बाद रहने की शरण दी थी। कहा जाता है जब भगवान राम ने सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता अपने निर्वासन के बाद यहीं ठहरी थी, यहां महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और इसी आश्रम में माता सीता ने अपने दोनों पुत्र लव और कुश को जन्म दिया था, महर्षि वाल्मीकि ने लव-कुश को यहीं शिक्षा-दीक्षा दी और उन्हें धनुर्विद्या में पारंगत किया। श्रीराम की सेना और लव-कुश के बीच युद्ध भी यहीं हुआ माना जाता है, जिसमें लव-कुश ने विजय प्राप्त की थी। मंदिर में भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की बहुत ही सुंदर मूर्तियां विराजित हैं। यहां भक्त दूर-दूर से माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने आते हैं। सीताबाड़ी के प्रसिद्ध जल कुंड में स्नान करके अपने मोक्ष की कामना करते हैं। प्रतिवर्ष जून के महीने में यहां पर सीताबाड़ी मेला लगता है, जिसमें दूर दराज से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं।



सीताबाड़ी मंदिर की खासियत

सीताबाड़ी का मेला सीताबाड़ी मंदिर के पास लगता है। भक्त माता सीता और भगवान राम के दर्शन करने इस मंदिर में आते हैं। यह धार्मिक स्थल लोगों की आस्था का केंद्र तो है ही, वहीं यहां की प्राकृतिक छटा लोगों के मन को मोह लेती है, बारिश के समय प्रकृति के अनुपम सौंदर्य को देशी-विदेशी पर्यटक निहारे बिना नहीं रह पाते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर और मन को हर्षित करने वाला वनवासी क्षेत्र केलवाड़ा राजस्थान की आदिवासी संस्कृति की छटा तो बिखेरता ही है, वहीं कस्बे के पास स्थित सीताबाड़ी मंदिर त्रेता युग की यादें लोगों के मन में उद्वेलित कर देता है। भक्त मंदिर में दर्शन कर अपने आपको सभी भगवानों की कृपा का पात्र मानते हैं। सीताबाड़ी मंदिर के पास माता सीता और श्रीराम के अनुज लक्ष्मण के खूबसूरत मंदिर स्थित हैं। यहां सात जलकुंड बने हैं, जिनमें वाल्मीकि कुंड, सीता कुंड, लक्ष्मण कुंड, सूरज कुंड और लव-कुश कुंड प्रमुख जलकुंड हैं। सीताबाड़ी मंदिर के पास घने जंगल में सीता कुटी बनी हुई है। कहा जाता है कि निर्वासन के दौरान माता सीता रात्रि में यहीं विश्राम किया करती थीं।

सीताबाड़ी मंदिर की पौराणिक कथा- सीताबाड़ी मंदिर को लेकर पौराणिक कथाओं के अनुसार यह वो स्थल है जहां श्री राम की पत्नी देवी सीता ने अपने पुत्रों यानी लव तथा कुश को जन्म दिया था। श्री राम द्वारा उनका त्याग करने के बाद देवी सीता अपने दोनों पुत्रों के साथ यहीं वास करती थीं। सीताजी को उनके देवर लक्ष्मण जी ने उनके निर्वासन की अवधि में सेवा के लिए इसी स्थान पर जंगल में वाल्मीकि ऋषि के आश्रम में छोड़ा था। एक किंवदंती है कि जब सीताजी को प्यास लगी, तो सीताजी के लिए पानी लाने के लिए लक्ष्मणजी ने इस स्थान पर धरती में एक तीर मार कर जलधारा उत्पन्न की थी, जिसे लक्ष्मण बभुका कहा जाता है। इस जलधारा से निर्मित कुंड को लक्ष्मण कुंड कहा जाता है। लव-कुश का जन्म स्थान होने के कारण सीताबाड़ी को लव-कुश नगरी भी कहा जाता है।

### तेवरी में एनएच पर टपरे के पीछे लाश मिलने से मची खलबली

# हत्या कर सड़क किनारे टपरे के पीछे फेंक दी लाश



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत तेवरी बाईपास राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर एक टपरे के पीछे गत दिवस लगभग 50 वर्षीय एक व्यक्ति की खून से सनी लाश पाई गई। प्राथमिक जांच के बाद व्यक्ति की हत्या चाकू से गोद कर एवं पत्थर से कुचलकर किए जाने की आशंका जताई जा रही है। जघन्य हत्याकांड को 14 जून से 17 जून के बीच अंजाम दिए जाने की आशंका है। स्लीमनाबाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की हत्या का मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।**

घटना की जानकारी देते हुए स्लिमनाबाद थाना प्रभारी अखिलेश दहिया ने बताया की स्थानीय लोगों ने सूचना दी थी कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर तेवरी बाईपास कॉकटेल ढाबा के समीप मंगलेश कुशवाहा के टपरे के पीछे किसी व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है। सूचना के आधार पर घटनास्थल में पहुंची पुलिस ने टपरे के पीछे से लगभग 40 से 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया। प्राथमिक जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि जैसे 14 जून से 17 जून के बीच उक्त अज्ञात व्यक्ति की पत्थर से कुचल कर और चाकू से मारपीट करते हुए हत्या की गई हो। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करते हुए पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति की हत्या के मामले में धारा 103 (1) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

इस संबंध में बातचीत करते हुए स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने कहा की घटनास्थल का निरीक्षण करने एवं प्रथम दृष्टया जो तथ्य सामने आए उसके आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। मृतक की पहचान होने से मामले को सुलझाने में काफी मदद मिलेगी।

# 10 दल प्रभारी सहित 48 कर्मचारियों का दल गठित

**कटनी । मानसून 2025 के दौरान बाढ़ संभावित स्थिति से निपटने तथा जान-माल की क्षति को कम करने हेतु पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने तथा अतिवृष्टि अथा बाढ़ की स्थिति में जल निकासी एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक बचाव, राहत कार्य एवं प्रबंध किये जानें हेतु निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने निचली बस्तियों क्षेत्र हेतु राहत शिविरों का चिन्हांकन करते हुए राहत दल का गठन किया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार नगर के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों हेतु 27 राहत शिविर चिन्हित किये जाकर 10 दल प्रभारी नियुक्त कर गठित दलों में कुल 48 कर्मचारियों को संलग्न किया गया है।**

### जलभराव क्षेत्र एवं राहत शिविर

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेशानुसार जलभराव क्षेत्र गाटरघाट आजाद चौक सागर पुलिया हेतु धन्ती बाई स्कूल भवन एवं शेर चौक पुरवार कन्या शाला को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया जाकर दल प्रभारी श्री सुनील सिंह प्रभारी सहायक यंत्री के साथ पांच कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं मोहन घाट मसुरहा घाट आदर्श कॉलोनी हेतु नदी पार शाला भवन एवं सामुदायिक भवन जालपा देवी वार्ड में राहत शिविर बनाया गया है। जबकि राम मनोहर लोहिया वार्ड नदीपार, कुशवाहा नगर, सूर्या होटल के पास एवं आधारकाप क्षेत्र हेतु राहत शिविर रैन बसेरा बस स्टेंड, कुठला सामुदायिक भवन, शासकीय शाला भवन कुठला एवं पुरैनी को बनाया गया है। इसी प्रकार जल भराव वाले संभावित क्षेत्र गांधी गंज जयप्रकाश वार्ड हेतु कनकने स्कूल घंटाघर एवं तिलक राष्ट्रीय स्कूल को राहत शिविर बनाया गया है। वहीं गिरजा घाट क्षेत्र, आधारकाप एवं चक्कीघाट हेतु सरस्वती शाला नई कटनी एवं सिंधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में राहत शिविर बनाया गया है। इसी प्रकार अंबेडकर व वार्ड बाबा घाट हेतु पुरवार शासकीय भवन गणेश चौक, छात्र संग्राम परिषद शाला एवं सामुदायिक भवन एन.के.जे को, शहडोल रोड खिरहनी क्षेत्र हेतु निषाद स्कूल शाला भवन एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला खिरहनी मे राहत शिविर बनाया गया है। जबकि छपरवाह, मंगल नगर पुलिया, लखेरा, सिमरार नदी पुलिया एवं एन.के.जे क्षेत्र के लिए सामुदायिक भवन मंगल नगर, शासकीय स्कूल छपरवाह एवं एन.के.जे स्कूल में राहत शिविर बनाया गया है। निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जलभराव वाले संभावित क्षेत्र माधवनगर सहित झिंझरी संपूर्ण क्षेत्र, दुगाडी नाला, पी.डब्लयू.डी कालोनी के पास एवं अर्जुन पैलेस के पीछे के क्षेत्र के लिए माधवनगर उप कार्यालय, रॉबर्ट लाईन स्कूल भवन एवं कैरिन लाईन स्कूल भवन को राहत शिविर के रूप में चिन्हित किया गया है। जबकि कटाये घाट क्षेत्र, अमकुही, दुगाडी पुलिया, हाउसिंग बोर्ड बस्ती, इंदिरा ज्योति कॉलोनी, आस्था प्लाजा, के आसपास राजू गुप्ता के घर के पास एवं बजरंग नगर कॉलोनी हेतु शासकीय शाला भवन झिंझरी, सामुदायिक भवन सुधार न्यास एवं कुम्हार मोहल्ला सहित सरस्वती स्कूल संजय नगर में राहत शिविर बनाये गए है।

### रिजर्व क्षेत्र

निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा अतिवृष्टि के दौरान आवश्यक बचाव, राहत कार्य एवं प्रबंध किये जाने हेतु रिजर्व क्षेत्र के रूप में नगर निगम कम्युनिटी हॉल, ए.रविन्द्र राव गुलाबचंद शाला भवन, मंगल नगर शासकीय शाला भवन, साधूराम उच्चतर माध्यमिक शाला, सहित विभिन्न वार्डों में स्थित सामुदायिक भवन को चिन्हित किया जाकर अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

### पहुंच वालों का नहीं हुआ स्थानांतरण

# तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के किए गए जिला स्तरीय ट्रांसफर

**कटनी । जिला स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के परिप्रेक्ष्य में जिले में कार्यालयीन एवं प्रशासकीय कार्य व्यवस्था एवं जन सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व विभाग में पदस्थ तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के शासकीय सेवकों के स्थानांतरण करते हुए नवीन पदस्थापना आदेश जारी किए गए हैं।**

**इन कर्मचारियों के हुए ट्रांसफर-** अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार एसडीएम कार्यालय कटनी में पदस्थ (मूल पदस्थापना जिला कार्यालय) राजाराम साहू, सहायक ग्रेड 3 की नवीन पदस्थापना एसडीएम कार्यालय विजयराघवगढ़ में की गई है। जबकि एसडीएम कार्यालय विजयराघवगढ़ में पदस्थ लखन लाल केवट की नवीन पदस्थापना एसडीएम कार्यालय कटनी में की गई है। इसी प्रकार तहसील कार्यालय बरही में पदस्थ अनिल कुमार रजक, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय बहोरीबंद में, तहसील बहोरीबंद में पदस्थ अवधेश प्यासी, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कटनी में एवं तहसील कार्यालय बरही में पदस्थ अशोक विश्वकर्मा, भृत्य की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय कटनी की गई है। वहीं तहसील कार्यालय ढीमरखेड़ा में पदस्थ अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक ग्रेड 3 की नवीन पदस्थापना तहसील कार्यालय बहोरीबंद में की गई है।

# जिला निगरानी समिति की बैठक 19 को

**कटनी ।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार यादव की अध्यक्षता में दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के संबंध में सुलभ और समावेशी चुनावी प्रक्रिया के उद्देश्य से जिला निगरानी समिति (डिस्ट्रिक्ट मॉनिटरिंग कमिटी ऑन एक्सेसिबल इलेक्शन) की बैठक गुरुवार 19 जून को दोपहर 2 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, आयुक्त नगर पालिक निगम, उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, अंशु जैन प्रतिनिधि भगवान महावीर विकलांग एवं पुर्नस्थापना केन्द्र, मनोज कहार प्रतिनिधि साइटसेवर संस्था एवं ब्रजकिशोर पाल अध्यक्ष दिशा दिव्यांग संगठन को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्राम पंचायत बचौया में गुरुवार को होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन

**कटनी। जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में गुरुवार 19 जून को शाम 5 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे।**

कलेक्टर श्री यादव जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।

समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दु:ख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम

जारी कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम पंचायत बचौया में गुरुवार 19 जून को लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके अलावा गुरूवार 26 जून को जनपद पंचायत बड़वारा के ग्राम पंचायत भजिया में, गुरुवार 3 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कांटी में, गुरूवार 10 जुलाई को जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत देवगांव में, गुरुवार 17 जुलाई को जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत कचनारी में और गुरुवार 24 जुलाई को जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत गैरतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# पवई में समर कैंप समापन पर खिलाड़ियों को मिला सम्मान, जूते, किट व प्रमाणपत्र वितरित



**रेवांचल टाइम्स पन्ना पवई। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1,5,2025 से 30,5,2025 तक आयोजित समर कैंप का समापन आज दिनांक 17,6,2025 को पवई थाना परिसर में गरिमामय समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभागीय खिलाड़ियों को जूते, खेलकिट, शर्ट, प्रमाण पत्र और मोमेंटो वितरित किए गए। कार्यक्रम का आयोजन खेल युवा कल्याण विभाग के जिला खेल अधिकारी श्री एस.पी. सिंह बघेल एवं **पवई एसडीओपी श्री एस.पी. सिंह बघेल के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ। बच्चों को खेल गतिविधियों के प्रति उत्साहित करने के उद्देश्य से यह सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया था।**

### सम्मान समारोह में थाना प्रभारी का विशेष योगदान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पवई थाना प्रभारी श्री त्रिवेंद्र त्रिवेदी रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को सिर्फ खेल ही नहीं, बल्कि शिक्षा में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर पवई थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक श्री गणेश सिंह द्वारा नियमित रूप से मैदान में अभ्यास कर रहे बच्चों को स्वयं के खर्चे से किट एवं शर्ट प्रदान की गई, जो सराहनीय पहल रही।

### खेल विभाग के अधिकारी और गणमान्य रहे उपस्थित

कार्यक्रम में *विकासखंड खेल प्रभारी श्री विवेक रविशंकर सिंह, **श्री मुस्तकीम खान, **श्री सत्यम पाठक, **श्री शिवम वाल्मीकि, **श्रीमती गौसिया खान, **श्री रामभगत कुशवाहा, **तिनका नामदेव, **दीपू वाल्मीकि* सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। साथ ही पवई थाना में पदस्थ पुलिस स्टाफ झ्र श्री कृष्णकांत चौधरी, श्री राहुल कुमार, श्री मनोज अहिरवार, श्री वासुदेव बाला, श्री प्रमोद बागरी , श्री राम लखन सिंह, श्री प्रतीक्षा तिवारी, श्री मणिराज बागरी सहित समस्त पुलिस टीम का कार्यक्रम में भरपूर सहयोग रहा।

### बच्चों को मिला प्रेरणा और सम्मान का संदेश

समापन अवसर पर बच्चों को सल्पाहार (नाश्ता) वितरित किया गया तथा उन्हें भविष्य में खेल और पढ़ाई दोनों में मेहनत करने की प्रेरणा दी गई। समर कैंप के माध्यम से बच्चों में खेल भावना, टीमवर्क और अनुशासन का विकास हुआ।

### सार्वजनिक कूप के जलस्तर में होगी वृद्धि

# जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम ललितपुर में बना रिचार्ज पिट

**कटनी । राज्य शासन द्वारा चलाये जा रहे प्रदेशव्यापी जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले भर में जल संरचनाओं का निर्माण, संरक्षण व संवर्धन एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत बांधा के ग्राम ललितपुर में मनरेगा योजना के तहत 25 हजार रुपये की लागत से सार्वजनिक कूप रिचार्ज पिट स्वीकृत किया गया है। इस रिचार्ज पिट के निर्माण से ग्राम ललितपुर के सार्वजनिक कूप के जलस्तर में वृद्धि होगी।**




### रिचार्ज पिट कैसे काम करता है

रिचार्ज पिट में बारिश के पानी को इकट्ठा किया जाता है। इस पानी को फिल्टर करके धीरे-धीरे जमीन के अंदर रिसने दिया जाता है। यह प्रक्रिया भूमिगत जल स्तर को बढ़ाने में मदद करती है, जिससे कुएं, बोरवेल और हैंडपंप जैसे जल स्त्रोत सूखते नहीं हैं और उनमें पानी की उपलब्धता बनी रहती है।

### रिचार्ज पिट बनाने की विधि एवं लागत

रिचार्ज पिट बनाने के लिए ऐसी जगह चुनें जहाँ बारिश का पानी इकट्ठा होता हो और जहाँ की मिट्टी पानी को रिसने दे। खेत के कोने या घर के पास की खुली जगह उपयुक्त हो सकती है। रिचार्ज पिट बनाने के लिए आमतौर पर 10ॐ10ॐ10 फीट (लंबाई, चौड़ाई, गहराई) का गड्ढा खोदा जाता है। गड्ढे में विभिन्न प्रकार की सामग्री की परतें बिछाई जाती हैं। जैसे सबसे नीचे बजरी या बड़े पत्थर की मोटी परत। उसके ऊपर छोटे पत्थर या गिट्टी की परत। फिर मोटी रेत की परत। कुछ जगहों पर जियोटेक्सटाइल का भी उपयोग किया जाता है ताकि महीन कण नीचे न जा पाएं। रिचार्ज पिट बनाने का खर्चा उसके आकार, गहराई, इस्तेमाल की जाने वाली सामग्री और जगह पर निर्भर करता है। आमतौर पर एक मानक रिचार्ज पिट बनाने में लगभग 22 हजार से 55 हजार रुपए तक का खर्च आ सकता है। मनरेगा जैसी सरकारी योजनाओं के तहत भी इसका निर्माण किया जाता है, जिससे लागत कम हो सकती है।

### स्लीमनाबाद थाना के ग्राम पड़वार की घटना

# सड़क हादसे में हुई 60 वर्षीय महिला की मौत





**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** मामला थाना स्लीमनाबाद अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़वार का है जहां एक डंपर ने एक वृद्ध महिला को रौंद दिया हादसा विगत दिवस बुधवार को करीब 11 बजे सुबह हुआ डंपर इतना तेज था कि वृद्ध महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। गौरतलब हो कि डंपर क्रमांक आर जे 18 जी सी 6047 जो कि तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्ण चलाते स्लीमनाबाद से पड़बार की तरफ जा रहा था तभी एक वृद्ध महिला रामबती ठाकुर को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि वृद्ध महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई मृतक महिला ग्राम पड़बार की ही निवासी थी , पुलिस को सूचना लगते ही पुलिस घटना स्थल पर पहुंची पंचनामा कार्यवाही कर शव को पी एम के लिए भेजा साथ ही ट्रक को जप्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

### जिला स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक होंगे सामूहिक योग के कार्यक्रम, सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी किये दिशा-निर्देश

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिये योग की थीम पर होगा ग्यारहवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**कटनी । ग्यारहवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को मनाया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर संपूर्ण जिला स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर और ग्राम पंचायत स्तर तक सामूहिक योग के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने सभी संबंधित विभागों को योग दिवस पर आयोजन संबंधित तैयारियां करने निर्देशित किया है।**




जारी दिशा-निदेर्शों में कहा गया है कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का एक दशक पूरा हो रहा है इसे देखते हुए अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के साथ-साथ काउंटडाउन एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें। ज्ञात हो कि योग को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों के फलस्वरूप संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 2015 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया था। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिये योग ( योगा फॉर वन अर्थ, वन नेशन) निर्धारित की गई है। कलेक्टर श्री यादव द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के सम्बन्ध में जारी दिशा-निदेर्शों के अनुसार जिला स्तर और विकासखण्ड स्तर से लेकर ग्राम पंचायत स्तर तक आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, पॉलिटेक्निक, आई टी आई एवं समस्त शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों के छात्रों के अलावा अन्य समस्त शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी भाग लेंगे। साथ ही योग सस्थानों, एनसीसी, एनएसएस, पुलिसकर्मियों, विभिन्न प्रशिक्षण संस्थान, शासकीय सेवकों, स्वयंसेवी संगठन, वाणिज्य एवं औद्योगिक संगठन तथा आम नागरिकों की सामूहिक योग कार्यक्रम में भागीदारी सुनिश्चित की जाये। दिशा-निदेर्शों में कहा गया है कि समस्त शासकीय अथवा निजी संस्थाओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस में भाग लेने के लिए आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा प्रदाय लिंक https:/ /yoga. ayush.gov .in.yoga&sangam में आयोजक के रूप में पंजीयन कराना होगा। जिससे भारत सरकार स्तर पर प्रदेश में आयोजन की संख्या निर्धारित हो सके। शासन ने स्पष्ट किया है कि योग एक शारीरिक एवं आत्मिक किया है, जिसका किसी धर्म अथवा पंथ से कोई संबंध नहीं है। सामूहिक योग प्रदर्शन स्वैच्छिक होगा, किन्तु प्रदेश की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं द्वारा इसे आवश्यक रूप से आयोजित किया जायेगा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित किये जाने वाले सामूहिक योग के कार्यक्रमों में योगाभ्यास भारत सरकार के कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार किया जायेगा। संपूर्ण प्रदेश में निम्नानुसार पल-प्रतिपल समय-सारणी अनुसार एक ही समय पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। तय समय सारिणी के अनुसार सुबह 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय कार्यक्रम एवं जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण सुबह 6.30 बजे से 6.40 तथा विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण 6.40 बजे से 7 बजे तक होगा। सामान्य योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक किया जायेगा। नगर निगम, तहसील, विकासखण्ड, नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायतों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में एक प्रमुख स्थान पर वृहद आयोजन किये जाये। ऐसे छात्र या शासकीय सेवक जो सामूहिक योग के कार्यक्रम में भाग नहीं ले पा रहे हैं, वे अपनी शिक्षण संस्थाओं एवं कार्यालयों में ही योग कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकेंगे। दिशा -निदेर्शों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि योग कार्यक्रम में भाग लेने के लिये किसी विशिष्ट रंग के परिधान की आवश्यकता नहीं है। प्रतिभागी सुविधा जनक परिधान यथा सफेद टी-शर्ट एवं लोवर या अन्य में योगाभ्यास कर सकते हैं। विद्यार्थी शाला गणवेश में भी आ सकते हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव योग दिवस 21 जून को ३खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा३ पर उज्जैन में राष्ट्रीय कार्यशाला का करेंगे शुभारंभ

## उज्जैन स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला में आयोजित होगी कार्यशाला : अत्याधुनिक तारामंडल का करेंगे लोकार्पण

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार 21 जून को "खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परंपरा" विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का शुभारंभ वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला, उज्जैन में करेंगे। कार्यशाला में देश के प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और शिक्षाविद शामिल होंगे। इस दौरान अनेक शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इनमें योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप, व्याख्यान एवं परिचर्चा प्रमुख हैं। कार्यशाला भारतीय खगोलशास्त्र की परंपरा और उसकी वैज्ञानिक प्रासंगिकता पर केंद्रित होगी। विशेषज्ञ भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक विज्ञान के समन्वय पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यशाला में खगोल विज्ञान के साथ-साथ भारत की प्राचीन ज्ञान परंपराओं को आधुनिक विज्ञान से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। कार्यशाला का आयोजन म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद्, भोपाल, विज्ञान भारती, आचार्य वराहमिहिर न्यास उज्जैन, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपाल एवं वीर भारत न्यास के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला में शंकु यंत्र के माध्यम से शून्य छाया अवलोकन करेंगे। साथ ही आचार्य वराहमिहिर न्यास एवं अवादा फाउंडेशन द्वारा निर्मित अत्याधुनिक तारामंडल का लोकार्पण भी करेंगे। इस दौरान तारामंडल-शो का प्रदर्शन भी किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव वेधशाला स्थित ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन-सत्र को संबोधित करेंगे। परिचर्चा सत्र में खगोल विज्ञान और भारतीय ज्ञान परंपरा पर चर्चा होगी।

उल्लेखनीय है कि आचार्य वराहमिहिर न्यास द्वारा अवादा फाउण्डेशन के आर्थिक सहयोग एवं डीप स्काई प्लेनेटेरियम, कोलकाता के तकनीकी सहयोग से आचार्य वराहमिहिर न्यास द्वारा ग्राम डोंगला में अत्याधुनिक डिजीटल तारामंडल की स्थापना की गई हैं। तारामण्डल की स्थापना का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के आमजन एवं स्कूली बच्चों में खगोल विज्ञान संबंधी जानकारी एवं प्राकृतिक घटनाओं संबंधी जिज्ञासा शांत करना है। इस तारामण्डल में 8 मीटर व्यास के एफ.आर.पी. डोम में ई-विजन 4 के डिजीटल प्रोजेक्टर एवं डिजीटल साउण्ड सिस्टम लगाया गया हैं। इस वातानुकूलित गोलाकार तारामण्डल में 55 लोग एक साथ बैठकर आकाशीय रंगमंच की हैरतअंगेज और जिज्ञाशावर्धक ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं का रोमांचक अनुभव एवं आनन्द ले सकेंगे। इस तारामण्डल की लागत लगभग 1.6 करोड़ रुपए हैं।



**वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला, डोंगला : मध्य भारत में खगोल विज्ञान अनुसंधान का अग्रणी केंद्र :** उज्जैन जिले के महिदपुर तहसील स्थित ऐतिहासिक ग्राम डोंगला से कर्क रेखा गुजरती है। प्राचीन काल से ही खगोल और ज्योतिष विज्ञान की दृष्टि से विशेष महत्व रखता है। भारत की गौरवशाली ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्ष 2013 में मध्यप्रदेश शासन के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा ग्राम डोंगला में वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला की स्थापना की गई। इस महत्वाकांक्षी परियोजना की परिकल्पना, भूमि चयन से लेकर निर्माण तक की प्रक्रिया में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का विशेष योगदान रहा है। इस वेधशाला की स्थापना में भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (क्क्अ), बैंगलोर और आर्यभट्ट प्रशिक्षण विज्ञान शोध संस्थान (अफ्क्र्र), नैनीताल का तकनीकी सहयोग प्राप्त हुआ है।

वेधशाला में 5 मीटर डोम में स्थापित 20 इंच का आधुनिक टेलीस्कोप अनुसंधान और खगोल वैज्ञानिक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है। यह सुविधा प्रदेश और देश के विद्यार्थियों, शोधकताओं और शिक्षाविदों को खगोल विज्ञान के क्षेत्र में अध्ययन और अनुसंधान का मंच प्रदान कर रही है। यहाँ खगोल विज्ञान पर आधारित विंटर स्कूल का आयोजन होता है और "एक भारत श्रेष्ठ भारत" योजना के अंतर्गत अन्य राज्यों के विद्यार्थी भी इस वेधशाला का भ्रमण कर रहे हैं। हाल ही में इस टेलीस्कोप को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इंदौर के सहयोग से ऑटोमेशन की सुविधा प्रदान की गई है। यह नई शिक्षा नीति और राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति के अनुरूप एक ऐतिहासिक पहल है। इससे सुदूर अंचलों के विद्यार्थी भी ऑनलाइन माध्यम से वेधशाला से जुड़ सकेंगे।

डोंगला में ही स्थापित पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर वेधशाला, जो प्राचीन खगोलीय यंत्रों पर केन्द्रित है, इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और वैज्ञानिक विरासत को जीवंत बनाए हुए है। आधुनिक तकनीक और प्राचीन ज्ञान के समन्वय के रूप में डोंगला को "डोंगला मीन टाइम (उ्टळ)" की अवधारणा के केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में यह प्रयास एक ऐतिहासिक पहल है।

### देश के वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद होंगे शामिल

कार्यशाला में विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे, भारतीय ज्ञान प्रणाली भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय संयोजक प्रो. गंटी एस. मूर्ति, राष्ट्रीय नवप्रर्वतन प्रतिष्ठान गांधीनगर के निदेशक डॉ. अरविंद रानाडे, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी नई दिल्ली के कार्यकारी निदेशक डॉ. ब्रजेश पांडे, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एन. पी. शुक्ला, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे के पूर्व कुलपति एवं सीएसआईआर भटनागर फेलो, सीसीएमबी हैदराबाद डॉ. वसंत शिंदे, आचार्य वराहमिहिर न्यास उज्जैन के अध्यक्ष श्री हेमंत भवालकर, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी, अवादा फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती रितु पटवारी तथा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिक सहित अन्य प्रतिष्ठित वैज्ञानिक एवं शिक्षाविद शामिल होंगे।

# भाऊराव उईके मौत की मजिस्ट्रियल जांच शुरू



## तिगांव में शांतिपूर्ण माहौल, तोड़फोड़ पर केस दर्ज, मृतक पर थे 7 मामले

पांढुर्णा। छिंदवाड़ा जेल में कैद आरोपी भाऊराव उईके की मौत के मामले की मजिस्ट्रियल जांच शुरू हो गई है। छिंदवाड़ा मजिस्ट्रेट इस मामले की जांच कर रहे हैं। पांढुर्णा के तिगांव में मंगलवार को स्थिति शांतिपूर्ण रही। पुलिस की मौजूदगी में शराब दुकान के नुकसान का पंचनामा बनाया गया। पुलिस क्षेत्र में लगातार निगरानी कर रही है। एसपी सुंदर सिंह कनेश ने बताया कि भाऊराव की गिरफ्तारी से लेकर मृत्यु तक की घटनाओं की जांच की जा रही है। मृतक पर कुल 7 केस दर्ज थे। इनमें दो सट्टा एक्ट, दो आबकारी एक्ट, दो मारपीट और एक दुर्घटना का मामला शामिल है। मंगलवार को विधायक नीलेश उईके, पूर्व विधायक जतन उईके, जनपद अध्यक्षा लताबाई तुमडाम और जिला अध्यक्ष सुरेश झलके सहित आदिवासी नेताओं ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। नेताओं ने पुलिस द्वारा भाऊराव पर जल्दबाजी में 34/2 कार्रवाई कर जेल भेजने की जांच की मांग की है।

# जनजाति सशक्तिकरण का धरती आबा अभियान ऐतिहासिक कदम : राज्यपाल श्री पटेल

**धरती आबा अभियान को सफल बनाना हम सभी का दायित्व है - राज्यपाल श्री पटेल**

**राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल अभियान के राज्य स्तरीय शिविर में शामिल हुए**



भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि केंद्र सरकार द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर शुरू किया गया जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जनजातीय सशक्तिकरण और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय समुदाय के नागरिकों का कल्याण, सशक्तिकरण और विकास करना है। सरकार का यह प्रयास है कि जनजातीय समुदाय के जो नागरिक अभी तक सरकार की सेवाओं, सुविधाओं और योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें लाभान्वित किया जाएं। उनकी देश के विकास में सहभागिता को सशक्त नागरिक के रूप में सुनिश्चित किया जाए। राज्यपाल श्री पटेल धरती आबा अभियान के तहत सीहोर जिले के ग्राम झोलियापुर में आयोजित राज्य स्तरीय शिविर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार के 18 मंत्रालय समन्वित रूप से अभियान का संचालन कर रहे हैं। सभी जरूरतमंद नागरिकों के लिए पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, एनआरएलएम सहित अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का यह अभियान तभी सार्थक होगा, जब हम सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का प्रयास करेंगे। हम सभी का यह दायित्व है कि हम उन सभी जनजातीय समुदाय के नागरिकों को अभियान के तहत लगने वाले शिविरों में जाकर योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित करें और उनकी सहायता करें। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान के तहत जनजातीय समुदाय के नागरिकों को दिए गए लाभ की मॉनिटरिंग भी की जा रही है और जल्द ही वे इसका अवलोकन करने पुनः सीहोर आएंगे। राज्यपाल श्री पटेल ने राज्य स्तरीय शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। धरती आबा अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए प्रचार रथ को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर विधायक श्री रमाकांत भार्गव ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्रारंभ में कलेक्टर श्री बालागुरू के. ने धरती आबा अभियान के तहत जिले में संचालित गतिविधियों एवं क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने आभार व्यक्त किया।

# छिंदवाड़ा में पारिवारिक विवाद में आपस में भिड़ी महिलाएं

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के सावरी चौकी क्षेत्र के टेमनी गांव में मंगलवार रात को एक पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो महिलाओं ने एक-दूसरे पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार, प्रार्थना शिवने (37) और लक्ष्मी मुकुर धारी (35) आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों के बीच पहले से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। इस दौरान मंगलवार को बहस ने उग्र रूप ले लिया। दोनों महिलाओं ने पत्थर और डंडों से एक-दूसरे पर हमला किया, जिससे दोनों के सिर में गंभीर चोट आईं। सावरी चौकी प्रभारी मुकेश द्विवेदी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिलाओं को तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों महिलाओं के पति बलराम शिवने और गौतम मुकुरधारी भी अस्पताल पहुंचे। टीआई ने बताया कि पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है। डॉक्टर के अनुसार, दोनों महिलाएं खतरे से बाहर हैं और उनका इलाज जारी है। बताया जा रहा है कि दोनों महिलाएं आपस में रिश्तेदार भी हैं, लेकिन पारिवारिक शक और तनाव ने रिश्तों को तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।



# भोपाल में 'ग्रामीण रंग, पर्यटन संग' उत्सव

## मुख्यमंत्री ने कहा-मध्य प्रदेश में भी धार्मिक स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा जल्द होगी शुरू, टेंडर हुए



भोपाल। उत्तराखंड की तर्ज पर मध्य प्रदेश में भी धार्मिक स्थलों के लिए हेलीकॉप्टर सेवा जल्द शुरू होगी। इसके लिए टेंडर करा दिए हैं। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कही। वे बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित पर्यटन विभाग के 'ग्रामीण रंग, पर्यटन संग' उत्सव में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पीएमश्री वायु सेवा को अच्छा प्रतिसाद मिला है। देश में कम ही राज्य हैं, जो इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर डॉ. यादव ने कलेक्टर और सरपंचों का सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार जैसे केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री में हेलीकॉप्टर सेवा दे रही है, वैसा ही सेवा जल्द ही राज्य को मिलने वाली है। उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने पर्यटन के क्षेत्र में बहुत काम किया पर अभी और संभावना है। लोग विदेश से आकर हमारे यहां इलाज कराएं, कुछ समय हमारे साथ गुजारें। इससे मेडिकल टूरिज्म भी बढ़ेगा। डॉ. यादव ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पूर्व में बनाए गए अच्छे विज्ञापन और पुरस्कृत फिल्मों का उपयोग फिर से करने को कहा। वे कहते हैं कि यह तो हमारी प्रापर्टी है।

20 साल में 526 गुना बढ़ा पर्यटन

उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जी ने मुख्यमंत्री रहते हुए गुजरात में फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन से कहलवाया था कि 'एक रात तो गुजारो गुजरात में'। हमारा पर्यटन विभाग अमिताभ बच्चन से आगे हैं। हमने आज तक किसी फिल्म स्टार को नहीं जोड़ा है। फिर भी सभी क्षेत्रों में अच्छा काम किया है। 2004 की तुलना में 2024 में पर्यटकों की संख्या में 526 गुना वृद्धि हुई है। भोपाल, खजुराहो, ओरछा सहित अन्य स्थानों पर ये पर्यटक आए। श्रेष्ठ नेशनल पार्क में हमारे तीन नेशनल पार्क हैं। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बाघ, घड़ियाल, गिद्ध हमारे पास हैं। चीता कुनो से निकलकर गांधीसागर तक यात्रा कर रहा। वेलनेस समिट के माध्यम से 2000 करोड़ का निवेश हुआ।

**ट्रेडिशनल वाद्य यंत्रों से करें स्वागत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि होमस्टे में आने वाले पर्यटकों का ट्रेडिशनल वाद्य यंत्रों से स्वागत करें। प्रदर्शनी में मिट्टी के बर्तन देखे, उनका और कांसे के बर्तनों का उपयोग करने को कहा। हम पर्यटन के माध्यम से छोटे-छोटे स्थानों पर भी रोजगार के अवसर बढ़ा सकेंगे।

**हर क्षेत्र में विकास और नवाचार की पहल शुरू हुई : सारंग**

सहकारिता एवं खेल मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि मोहन यादव की सरकार में हर क्षेत्र में विकास और नवाचार की पहल शुरू हुई है। मप्र हिंदुस्तान का दिल है और वो ऐसा है, जो पूरी तरह से धड़कता है। मप्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। धार्मिक पर्यटन में मप्र से ज्यादा रिच और कोई राज्य नहीं है। प्रकृति के इस उपहार का तब तक सही तरह से दोहन नहीं हो सकता, जब तक राजनीतिक इच्छा शक्ति न हो। मुख्यमंत्री ने अपनी दूरदृष्टि से इस उपहार को चैनेलाइज किया है। होमस्टे अच्छा प्रयोग। वहीं पर्यटन राज्यमंत्री धर्मेन्द्र लोधी ने कहा कि पिछले साल 13 करोड़ 55 लाख से ज्यादा पर्यटक मप्र आए। पर्यटन विभाग अतिथि देवो भवः परंपरा के तहत काम कर रहा है। हम 1000 होम स्टे बना रहे हैं। भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय ने पन्ना जिले के ग्राम मडला, निवाड़ी जिले के लाड़पुरा खास और सीधी जिले के ग्राम खोखरा को श्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रूप में पुरस्कृत किया है।

**कलेक्टर, सरपंच और होमस्टे संचालकों का सम्मान**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सर्वश्रेष्ठ 6 होम स्टे (3 ग्रामीण, 3 नगरीय) में ग्रांड नर्मदा होमस्टे उमरिया के शरद दीक्षित, सुरवाही सोशल ईको स्टेट बालाघाट के अंकित रस्तोगी, बुंदेली कोठी टीकमगढ़ की साक्षी सिंह को विशेष पुरस्कार दिए। बेस्ट होमस्टे तृतीय पुरस्कार गिरिजा बाई खारी सीहोर, दूसरा स्थान कमला होमस्टे राधापुर निवाड़ी कमला कुशवाहा, प्रथम पुरस्कार महुआ होमस्टे लाड़पुरा निवाड़ी कमला शर्मा को पुरस्कार दिया गया।

बैरसिया में युवती से अपहरण के बाद रेपःपीड़िता ने कई दिन तक ज्यादती करने के लगाए आरोप, केस दर्ज

भोपाल1 घंटे पहले

युवती से अपहरण के बाद रेप। - क्र्ल्र' ईं२ं१

युवती से अपहरण के बाद रेप।


बैरसिया इलाके में रहने वाली युवती पिछले दिनों लापता हो गई। 3 दिन बाद लौटी तो परिचित युवक पर अपहरण कर बंधक बनाने और रेप करने के आरोप लगा दिए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने एक युवक पर एफआईआर दर्ज कर ली है। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है।

थाना प्रभारी वीरेंद्र कुमार सेन ने बताया कि इलाके में रहने

# भोपाल में बी.टेक छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड किया

## परिवार का इकलौता बेटा था, दोस्तों के साथ फ्लैट में रहता था

भोपाल। भोपाल में रहने वाले बी.टेक छात्र ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। फिलहाल खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मृतक परिवार का इकलौता बेटा था। दोस्तों के साथ फ्लैट में किराए से रहता था। मामले में पिपलानी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। घटना मंगलवार की रात की है। परिजनों की मौजूदगी में बुधवार को शव का पीएम कराया गया और परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक मुदित पटैरिया (23) पुत्र कामता प्रसाद पटैरिया मूल रूप से पन्ना का रहने वाला था। भोपाल के पटेल नगर में स्थित एक मल्टी के फ्लैट में पांच दोस्तों के साथ किराए से रहता था। बीती रात मुदित ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। इससे पहले, उसने दोस्तों को कोई परेशानी का जिक्र नहीं किया। जब काफी देर तक वह कमरे से नहीं निकला तो दोस्तों ने गेट नॉक किया। इसके बाद भी कोई जवाब नहीं मिला तो पुलिस को सूचना दी गई। गेट को तोड़कर पुलिस ने शव को बरामद किया। मृतक के मोबाइल फोन को जब्त कर लिया गया है।



### रोते हुए पिता बोले- मेरा बेटा नहीं रहा

पन्ना से आए पिता बेटे के शव को देख फफक पड़े। कामता प्रसाद पन्ना के एक मंदिर के पुजारी हैं। बेटे को काबिल बनाना चाहते थे। इसी नीयत से इकलौते बेटे को पढ़ाने के लिए भोपाल भेजा। मुदित यहां एक प्राइवेट कॉलेज से बी.टेक सेकेंड ईयर की पढ़ाई कर रहा था।

# रायसेन में 165 पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला

## एक ही थाने में लंबे समय से तैनात थे; 7 दिन में करना होगा ज्वाइन

रायसेन। रायसेन में पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी पंकज कुमार पाण्डेय ने जिले में बड़े पैमाने पर तबादले किए हैं। एक ही थाने में लंबे समय से तैनात 165 पुलिसकर्मियों को दूसरे थानों में भेजा गया है। पुलिस मुख्यालय ने एक ही थाने में 4-5 साल से तैनात कर्मियों के तबादले के निर्देश दिए थे। साथ ही एक ही अनुभाग में 10 साल से कार्यरत कर्मियों का भी तबादला करने को कहा था। इन निर्देशों का पालन करते हुए एसपी ने तबादला सूची जारी की।

**7 दिन में करना होगा ज्वाइन :** इस फेरबदल में एसआई, एएसआई, आरक्षक और प्रधान आरक्षक शामिल हैं। जिले के सभी 20 थाने, महिला थाना और अजाक थाना सहित हर चौकी से कम से कम एक पुलिसकर्मी का तबादला किया गया है।स्थानांतरित पुलिसकर्मियों को 7 दिन में नई पदस्थापना पर ज्वाइन करना होगा। इससे पहले उन्हें अपने पास लंबित प्रकरणों का निराकरण करना होगा। एसपी पंकज कुमार पाण्डेय के अनुसार सभी तबादले मुख्यालय के निर्देशों और तय मापदंडों के अनुरूप किए गए हैं।

**पुलिस विभाग में तबादलों का दौर जारी :** ये पहला मौका है जब जिले में किसी विभाग में एक साथ इतने बड़े पैमाने पर तबादले हुए हैं। केवल रायसेन ही नहीं, पूरे मध्य प्रदेश में पुलिस विभाग में तबादलों का दौर चल रहा है।

# मूंग तुलाई के दौरान झोलझाल किसानों ने किया हंगामा

## 5 फर्मो के 6 तौल कांटे किए गए जब्त






**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** मंगलवार को किसानों द्वारा कृषि उपज मंडी कार्यालय के समझ प्रदर्शन किया गया एवं तौल में गड़बड़ी की बात कही गई। मूंग खरीदी के दौरान किसानों द्वारा हंगामे के जानकारी के बाद प्रशासन हरकत मे आया। किसानों ने बताया कि मूंग खरीदी के दौरान व्यापारियों द्वारा कांटो मे गड़बड़ी की गई। जिससे किसानों की उपज ली जा रही है। मंडी में मूंग की तुलाई में गड़बड़ी का मामला बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को किसानों ने कम तौल का विरोध किया। नापतौल विभाग की जांच में 5 फर्मों के 6 कांटों में 100 से 150 ग्राम तक की गड़बड़ी मिली। विभाग ने इन कांटों को जब्त कर लिया गया।

### 10 किलोग्राम की कमी निकली उपज

किसानों ने मंडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। उन्होंने पिछले दो महीनों की तौल का पुनर्मूल्यांकन और उचित भुगतान की मांग की है। साथ ही कांटों की नियमित जांच की मांग भी रखी। तीन किसान अपनी उपज पहले से तौलकर मंडी लाए थे। मंडी में तुलाई के दौरान उपज में तकरीबन 10 किलोग्राम की कमी निकली। किसान प्रतीक शर्मा की मूंग 7300 रुपए प्रति क्विंटल पर बेचा गया। लेकिन कम तौल के कारण उन्हें नुकसान हुआ। जबकि किसान द्वारा मूंग पहले से तौल कर मंडी लाई गई थी। जैसे मामले की भनक अन्य किसानों को लगी तो किसान संगठन सहित अन्य किसान भी मौके पर पहुंचे और विरोध करने लगे। जिससे प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाला तथा किसानों को समझाईस दी गई।



### इन फर्मो के कांटे मिले गड़बड़

उक्त मामले के की जानकारी किसानों द्वारा प्रशासन व नापतौल विभाग को दी गई। जिसमें नापतौल विभाग के अधिकारियों के पहुंचते ही हम्माल कांटे लेकर भाग गए। नापतौल अधिकारी आर. के. ढोके ने 15 कांटों की जांच की। आकाश ट्रेडिंग, पवन ट्रेडर्स, मनीष ट्रेडर्स, कटारिया ट्रेडर्सऔर जैन ट्रेडर्स के कांटों में गड़बड़ी पाई गई। नापतौल विभाग द्वारा जांच पड़ताल कर कांटे जब्त किए गए। आगे की कार्रवाई के लिए जिला प्रशासन को सौंपा जावेगा। वही उक्त मामले में मंडी प्रशासन द्वारा किसानों को ठोस कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मंडी निरीक्षक पुष्पेंद्र तिवारी ने बताया कि दोषी फर्मों पर मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी। अब देखना होगा कि प्रशासन द्वारा फर्मो पर क्या कार्रवाई की जाती है।

### अधिक तौली जा रही थी उपज

कृषि उपज मंडी मूंग बेचने आए किसानों द्वारा अपनी उपज को आने पूर्व तौल कर लिया था जैसे उनकी उपज मंडी मे तौल की गई तो उनकी उपज लगभग किलो कम निकली जिसे लेकर किसानों द्वारा कांटों की जांच की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया गया। हंगामे के बाद प्रशासन जागृत हुआ और नापतौल विभाग को बुलाया गया एवं कांटो की जांच पड़ताल कराई गई जिसमे 5 फर्मो के 6 कांटों पर गड़बड़ी पाई गई। जिन्हे जब्ती में लिया गया। वही मंडी निरीक्षक द्वारा किसानों को आश्वस्त किया गया कि जांच उपरांत दोषियों पर ठोस कार्रवाई की जावेगी। हालांकि उक्त मांग को लेकर किसानों द्वारा पूर्व मे भी आवाज उठाई गई थी लेकिन कोई हल नही निकाला गया था।

# संगठन सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्यः डॉ अखिलेश




**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** देश के कई राज्यों के साथ मध्य प्रदेश में भी संगठन सृजन अभियान कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संगठन को निचले स्तर तक ले जाने और मजबूत करने के लिए कांग्रेस द्वारा कई महत्वपूर्ण और कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जिससे ब्लॉक स्तर तक संगठन को मजबूत किया जा सके। उक्त बात मंगलवार को होटल अमर गार्डन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के केंद्रीय पर्यवेक्षक राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद ने कही। डॉ. प्रसाद ने बताया कि इस अभियान के तहत पार्टी के पदाधिकारी कार्यकताओं के अलावा गैर राजनीतिक लोगों से भी चर्चा कर सुझाव लिए जाएंगे और किस प्रकार से ब्लॉक एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष को और अधिक शक्ति दी जा सके इस प्रकार के निर्णय लिए जाएंगे। बिहार से आए राज्यसभा सदस्य डॉ अखिलेश प्रसाद ने बताया कि वे नरसिंहपुर जिले के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए हैं और 3 दिन यहीं रहेंगे। ब्लॉक विधानसभा स्तर और जिला स्तर के पदाधिकारी से सीधे चर्चा की जाएगी। बिहार से आए राज्यसभा सदस्य एवं भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉक्टर अखिलेश प्रसाद ने कहा कि आज प्रदेश और केंद्र सरकार की नीतियों के कारण देश में समस्याएं बढ़ रही हैं लूट मची हुई है पूंजीपतियों को लाभ दिया जा रहा है महंगाई बेरोजगारी से लोग परेशान हैं भाजपा की जन विरोधी नीतियो और विचारधारा को मजबूत संगठन से ही मध्य प्रदेश में मुकाबला किया जा सकता है और इससे आगे भी हम निकलेंगे साथ ही पूरे देश में एक बार फिर कांग्रेस मजबूती के साथ खड़ी होगी। पत्रकारों के जवाब देते हुए डॉ अखिलेश प्रसाद ने कहा कि निश्चित तौर पर हमारे संगठन में कुछ कमियां हैं किंतु अब वो दिन दूर नहीं जब इन कमियों को दूर कर हम आगे बढ़ेंगे और हमारे नेता अपने मतभेद भूलाकर आम जनता के लिए लड़ेंगे और कांग्रेस को मजबूत करेंगे। यही संगठन सृजन अभियान का मुख्य उद्देश्य और लक्ष्य है। डॉ अखिलेश प्रसाद ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार पर कई आरोप लगाए। उक्त मौके पर प्रदेश बिहार कांग्रेस कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, जिले के कांग्रेस संगठन प्रभारी जुन्नारदेव विधायक सुनील उईके, जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व ऊर्जा मंत्री एन पी प्रजापति, पूर्व विधायक संजय शर्मा, सुनील जायसवाल, दीनदयाल ढिमोले आदि मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में आये 142 आवेदन



दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 17 जून को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 142 आवेदन आये।

# सेल्समैन के साथ मारपीट के मामले में कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस मध्यप्रदेश सहकारी संघ के कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन मे बताया गया है कि ग्राम डोभी में सहकारी समिति के कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। 14 जून को राशन वितरण के दौरान कर्मचारी मूलचंद पटेल के साथ गांव के चार लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने कर्मचारी के साथ अभद्र व्यवहार किया और लात-घूंसों से मारपीट की। इतना ही नहीं, उन्होंने शासकीय कार्य में बाधा डाली और सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया। महासंघ का कहना है कि पुलिस ने अभी तक आरोपियों पर धारा 353 नहीं लगाई है। उनका मानना है कि इससे असामाजिक तत्वों को बढ़ावा मिल सकता है। प्रदेश प्रतिनिधि मो. शफी खान और प्रदेश अध्यक्ष कौरव सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक से दो मांगें की हैं। पहली, आरोपियों पर धारा 353 सहित उचित धाराएं लगाई जाएं। दूसरी, जिले के सभी राशन दुकानदारों को सुरक्षा दी जाए। महासंघ ने बताया कि पहले भी राशन वितरण कर्मचारियों के साथ ऐसी घटनाएं हुई हैं। लेकिन सुरक्षा और कानूनी संरक्षण न मिलने से समस्या बनी हुई है।

# 109 हितग्राहियों के खाते में अंतरित की 2 करोड़ की राशि



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में बरगी, बेलखेड़ी जिला जबलपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना के तहत अनुग्रह सहायता राशि और उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से हितग्राहियों के बैंक खातों में अंतरित की गई। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किश्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपये अंतरित किये। इस योजना के तहत प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येकक माह 1250 रुपये की राशि उनके बैंक खाता में अंतरित की जाती है। इसी तरह मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रुपये, 27 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग की 39.41 करोड़ रुपये और मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना में प्रदेश के 6 हजार 821 श्रमिक परिवारों को 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह सहायता राशि का सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जनकल्याण- संबल योजना के अंतर्गत जिले के 109 हितग्राहियों के खातों में 2 करोड़ 55 लाख रुपये की अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की। जबलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को जिले में देखा व सुना गया। कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन स्थित स्थानीय एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में लाइव प्रसारण हुआ, जिसमें श्री रामसनेही पाठक, अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही की मौजूद थे। इस दौरान संबल योजना के हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किये।

# शराब दुकान खोलने के विरोध में सौंपा ज्ञापन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस ग्राम पंचायत नकदुआ के निवासियों द्वारा कलेक्टर कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई तथा शराब दुकान खोले जाने का विरोध किया गया। ज्ञापन मे बताया गया है कि छिंदवाड़ा बायपास चैराहे के पास वैध बाबू कॉलोनी में प्रस्तावित है जिससे निवासियों को काफी परेशानी होगी। लोगों ने कहा, सरकारी नियम जो हैं उनका पालन होना चाहिए। प्रस्तावित दुकान एनएचएआई सड़क से मात्र 60-70 फीट की दूरी पर है। यह सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों का उल्लंघन है। नियम के मुताबिक शराब दुकान राजमार्ग से कम से कम 500 मीटर दूर होनी चाहिए। शराब दुकान खुलने से आसपास के परिवार प्रभावित होंगे। महिलाओं और बच्चों पर इसका असर पड़ेगा। बायपास चैराहा एक प्रमुख मार्ग है। देशभर से लोग यहां आते-जाते हैं। शराब दुकान से शहर की छवि खराब होगी। ग्रामीणों ने कलेक्टर से आग्रह किया है कि न्यायालय के निदेर्शों और जनहित को देखते हुए इस स्थान पर दुकान खोलने की अनुमति न दी जाए। प्रशासन के निर्णय का इंतजार है। नयागांव के उपसरपंच मस्तराम सिंह लोधी ने भी जनसुनवाई में शिकायत की। उन्होंने बताया कि उनके गांव में पिछले 5 साल से अवैध शराब बिक रही है। प्रशासन ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

# करेली में आयोजित हुआ युवा संगम रोजगार मेला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** राज्य शासन के निदेर्शानुसार महात्मा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय करेली में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटसशिप मेले का आयोजन जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया गया। इसमें कुल 108 बेरोजगार युवक- युवतियों का स्वरोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। यह कार्यक्रम जिला रोजगार कार्यालय, उद्योग केन्द्र एवं आईटीआई नरसिंहपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में एक हितग्राही को दो लाभ रुपये का ऋण पत्रक प्रदान किया गया। साथ ही शासकीय विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। मेले में नवभारत फर्टिलाइजर जबलपुर द्वारा 20, शिवशक्ति एग्रीटेक जबलपुर द्वारा 17, एलजी इलेक्ट्रिक प्रा. करेली द्वारा 22, राव्या वर्क फोर्स प्रा.लि. लखनऊ द्वारा 15, हेल्थ अनबोक्स प्रा.लि. नरसिंहपुर द्वारा 21, पुखराज हेल्थकेयर जबलपुर द्वारा 13 इस तरह कुल 108 बेरोजगार युवक- युवतियों को रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन किया गया। इस अवसर पर रामसनेही पाठक ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले विकसित भारत 2047 के विजन को पूर्ण करने में सहायक होंगे। संदीप ममार ने कहा कि युवा संगम के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी लेकर इन योजनाओं का लाभ लें और अपना स्वयं का स्वरोजगार स्थापित करें। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. यूएस परमार ने युवा संगम की जानकारी देते हुए कहा कि इस मेले के माध्यम से कौशल और योग्यता के अनुसार रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। डॉ. एके वाजपेयी ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित कर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेरोजगार युवक- युवतियों को स्वरोजगार तथा आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। हेमंत मेहरा ने रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी। शासकीय स्वास्थ्य केंद्र करेली के साजिद मंसूरी ने मानसिक स्वास्थ्य और जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र महाप्रबंधक पंकज पटेल ने रोजगार मेले के उद्देश्य एवं शासन की विभिन्न योजनाओ की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक प्रदीप दुबे और आभार जिला रोजगार अधिकारी आरएस परासर ने व्यक्त किया। इस अवसर पर अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी- कर्मचारी, हितग्राही और विद्यार्थी मौजूद थे।




## खेल-व्यापार

# डीएलएफ ने गुरुग्राम में 11,000 करोड़ रुपये में बेचे 1,164 लग्जरी अपार्टमेंट



नई दिल्ली। रियल एस्टेट क्षेत्र की प्रमुख कंपनी डीएलएफ लिमिटेड ने गुरुग्राम में अपनी नई आवासीय परियोजना शुरू होने के एक सप्ताह के भीतर सभी 1,164 लक्जरी अपार्टमेंट करीब 11,000 करोड़ रुपये में बेच दिए हैं। डीएलएफ ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में अपनी नवीनतम लक्जरी पेशकश डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ को बेचने की घोषणा की। यह बिक्री परियोजना शुरू होने के केवल एक सप्ताह के भीतर करीब 11,000 करोड़ रुपये में की गई। यह परियोजना गुरुग्राम के सेक्टर 76 व 77 में 116 एकड़ की एकीकृत टाउनशिप डीएलएफ प्रिवाना का हिस्सा है। डीएलएफ होम डेवलपर्स के संयुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य व्यवसाय अधिकारी आकाश ओहरी ने कहा, यह डीएलएफ के व्यापक स्तर के आवास उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण को दर्शार्ता है ... उन्होंने कहा कि मजबूत बिक्री प्रतिक्रिया डीएलएफ की पेशकशों के लिए स्पष्ट मांग को दर्शार्ती है जो हमारी पिछली परियोजनाओं की सफलता से प्रेरित है। ओहरी ने कहा, हमने भारत और दुनिया भर के खरीदारों की इसमें रुचि देखी। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि डीएलएफ गुरुग्राम में इस नई लक्जरी आवास परियोजना के विकास के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने इस 116 एकड़ की टाउनशिप में पिछले साल दो परियोजनाएं शुरू की थीं और उन्हें करीब 12,800 करोड़ रुपये में पूरी तरह बेच दिया था। डीएलएफ देश के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर में से एक है।

# पियूष गोयल ने 31,300 करोड़ रुपये की निवेश योजनाएं आंध्रप्रदेश में शुरू की

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आंध्र प्रदेश में राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) के औद्योगिक नोड्स की प्रगति का आकलन करने के लिए गुंटूर में सप्ताहांत में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की है। ये जानाकरी एक आधिकारिक बयान दी गई है। बयान के अनुसार, समीक्षा बैठक के दौरान राज्य के तीन प्रमुख नोड्स के विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जिन पर मुख्य रूप से चर्चा हुई है उसमें चेन्नई-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत कृष्णापट्टनम औद्योगिक क्षेत्र, हैदराबाद-बेंगलुरु औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र, और विशाखापट्टनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे के अंतर्गत कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र शामिल है। गोयल ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्रत्येक औद्योगिक नोड के भीतर नवाचार-अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करके एंकर निवेशकों और स्टार्टअप को आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करें।

# टी20 मैच में ग्लेन मैक्सवेल ने तूफानी शतक ठोका, रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की



नई दिल्ली। मेजर लीग क्रिकेट 2025 में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल ने नाबाद शतक बनाया है। वाशिंगटन फ्रीडम की ओर से खेलते हुए ग्लेन मैक्सवेल ने महज 49 गेंदों में नाबाद 106 रन जड़ दिए। मैक्सवेल की इस पारी में 13 छक्के और 2 चौके शामिल रहे। इसी के साथ मैक्सवेल ने टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक जड़ने के मामले में रोहित शर्मा की बराबरी की। मैक्सवेल और रोहित शर्मा दोनों के अब टी20 फॉर्मेट में 8-8 शतक हो गए हैं। रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल के अलावा टी20 क्रिकेट में इतने ही शतक माइकल क्लिंगर, डेविड वॉर्नर, जोस बटलर और एरोन फिंच के भी नाम हैं। इस लिस्ट में सबसे ज्यादा 22 शतक के साथ क्रिस गेल टॉप पर हैं। सबसे ज्यादा टी20शतक जड़ने के मामले में ये सभी बल्लेबाज संयुक्त रूप से चौथे पायदान पर हैं। हालांकि, टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में रोहित शर्मा और ग्लेन मैक्सवेल संयुक्त रूप से टॉप पर हैं। दोनों के नाम 5-5 टी20 इंटरनेशनल शतक हैं। कैलिफॉर्निया में बुधवार 18 जून की सुबह खेले गए मुकाबले में वाशिंगटन फ्रीडम की टीम ने लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। वाशिंगटन फ्रीडम ने महज 10 रन पर रचिन रविंद्र का विकेट गंवा दिया। रचिन रविंद्र से टीम को खासा उम्मीदें थी लेकिन वह महज 8 रन ही बना सके।

## CMHO और जांच अधिकारी की मिलीभगत से जबलपुर में पनप रही जांच केन्द्रों की अमरबेल : बिना अनुमति चल रही पैथोलॉजी, X-Ray, CT Scan लैब

# चाहे जो निकाल ले खून!

दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर। जबलपुर जिले के प्रमुख निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की आड़ में एक बड़ा अवैध व्यापार पनप रहा है। पैथोलॉजी, एक्स-रे, सीटी स्कैन और विभिन्न जांच सुविधाएं बिना किसी वैध अनुमति और पंजीयन के धड़ल्ले से संचालित की जा रही हैं। इस पूरे खेल में CMHO कार्यालय और कॉल जॉर्ज (जिला अस्पताल) की अधिकारी चमेली भगत की मिलीभगत सामने आई है, जिनकी शह पर यह नेटवर्क फल-फूल रहा है।



### न मरीज को सुरक्षा, न नियमों का पालन

- जबलपुर के दर्जनों निजी अस्पतालों में पैथोलॉजी लैब, एक्स-रे यूनिट, अल्ट्रासाउंड सेंटर और सीटी स्कैन मशीनें चल रही हैं।
- न इनके पास CMHO कार्यालय से लाइसेंस है न ही ड्रग एंड क्लिनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत कोई वैधानिक मान्यता।
- ये सारी जांचें अनट्रेंड स्टाफ और बिना क्वॉलिफाइड टेक्नीशियन द्वारा की जा रही हैं, जो सीधे-सीधे मरीज की जान से खिलवाड़ है।
- प्रत्येक जांच केंद्र से मासिक वसूली की जाती है।
- लाइसेंस न होने के बावजूद, CMHO कार्यालय की ओर से कोई कार्रवाई नहीं होती।
- जो लैब संचालक नियम पूछते हैं, उन्हें फाइल घुमाने के नाम पर डराया जाता है।

### जनस्वास्थ्य के नाम पर गुनाह, विभाग मौन

- बिना रजिस्ट्रेशन जांच केंद्र चलाना स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन और हाईकोर्ट के आदेशों का सीधा उल्लंघन है।
- इससे न केवल मरीजों की जान जोखिम में है, बल्कि गलत रिपोर्ट के आधार पर गलत इलाज दिया जा रहा है।
- CMHO और प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ रहा है।
- अब सवाल जनता और सरकार से

1. क्यों CMHO और जिला अस्पताल प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की?
2. किसके आदेश से बिना लाइसेंस जांच केंद्र चलाए जा रहे हैं?
3. क्या विभाग को मासिक वसूली के एवज में सब कुछ "वैध" लगने लगा है?



- इन अवैध लैब्स की जांच कमेटी गठित हो
- चमेली भगत और CMHO के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो।
- मरीजों की गलत रिपोर्ट और नुकसान का मुआवजा तय किया जाए।
- इस पर स्वतंत्र एजेंसी से ऑडिट व निरीक्षण कराया जाए

रेवांचल टाइम्स आगे भी इस मामले की पड़ताल जारी रखेगा।

### किसी भी केंद्र का नहीं है पंजीयन, फिर भी चल रही जांच

**RTI** से प्राप्त प्रारंभिक जानकारी में खुलासा हुआ है किः

- जबलपुर के अधिकांश निजी अस्पतालों में संचालित पैथोलॉजी लैबों का न तो पंजीयन है और न ही NOC
- CMHO कार्यालय ने पिछले 3 वर्षों में एक भी जांच केंद्र का निरीक्षण नहीं किया
- अधिकांश जांच रिपोर्टें फर्जी डाक्टरों के साइन से जारी हो रही हैं।

## फील्ड पर सुबह 6 बजे से ही सफाई अमला रहे तैनात, शहर के मुख्य मार्गो के अलावा, कॉलोनी की गलियों में भी दिखे सफाई : निगमायुक्त



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मानस भवन स्थित स्मार्ट सिटी के मिनी हॉल में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने आगामी बरसात के समय होने वाली जलप्लावन की समस्या एवं घर-घर से होने वाले कचरा संग्रहण व्यवस्था के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने स्वास्थ्य अमले को निर्देशित किया कि वर्षाऋतु के दौरान शहर में कहीं भी जलप्लावन की स्थिति निर्मित न हो यह सभी लोग सुनिश्चित करें। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर की सफाई व्यवस्था में कसावट लाने तथा डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था को और मजबूत करने सख्ती दिखाते हुए सभी को हिदायत दी और फटकार भी लगाई कि व्यवस्था में कल से कसावट लाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही बर्दास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को गंभीरता से व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने और सुबह 6 बजे से ही फील्ड में सफाई कार्य कराने हेतु निर्देश प्रदान किये। उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान जन्म-मृत्यु शाखा के लिपिकों को भी निर्देशित किया कि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के घोषणा के अनुरूप घर-घर जन्म-मृत्यु प्रमाण-पत्र वितरण करने की प्रक्रिया में लापरवाही न बरतें। उन्होंने बताया की शहर में होने वाली जलप्लावन की समस्या से निजात दिलाने के उद्देश्य से वर्षा पूर्व ही शहर के समस्त संभागों में स्थित बड़े नाला-नालियों एवं कंजरवेंसियों की सफाई का कार्य लगातार करवाया जा रहा है, इसके लिए मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाया गया है। कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जा सके इसके लिए आउटसोर्स कर्मचारियों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों के अंतर्गत बड़े नालों की सफाई कार्य के लिए 200 मशीन, 110 मशीन, 70 मशीन, डम्फर एवं ट्रेक्टर ट्रॉली लगाये गए है, जिसके माध्यम से सफाई का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संभागवार जलप्लावन वाले क्षेत्रों का निरीक्षण कर उसका त्वरित समाधान भी किया जा रहा है, जिससे कि आने वाले वर्षाऋतु के समय जलप्लावन की समस्या न हो सके। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने शहर की कचरा संग्रहण व्यवस्था की समीक्षा सभी सबंधित अधिकारियों से की जिसमें उन्होंने सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, कचरा संग्रहण के सभी सुपरवाइजर को अपने अपने संभाग मे समय पर उपस्थित हो कर सभी कार्यों कचरा संग्रहण की गाड़ियों को समय से अपनी अपनी बीट पर पहुचाने, शहर के मुख्य मार्गों की स्वीपिंग, शहर के नाला-नालियों की साफ-सफाई के साथ-साथ कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव करने के निर्देश दिए साथ ही साथ कचरा संग्रहण गाड़ियों को अपने तय रूट को शतप्रतिशत कवर करने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में उपायुक्त स्वास्थ्य संभव अयाची, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, प्रभारी सहायक यंत्री स्वास्थ्य अभिनव मिश्रा, सभी संभागों के सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, संभागवार जन्म-मृत्यु शाखा लिपिक, सुपरवाइजर आदि उपस्थित रहे।

## विवि में तीन वर्ष से नहीं हुई कोई अनुकम्पा नियुक्ति




### आक्रोशित कर्मचारियों का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी रहा जारी


**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के विगत 03 वर्षों में दिवंगत लगभग 15 दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को शासन के नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान नहीं की गई है। दिवंगत कर्मियों के आश्रितों का जीवन-यापन नहीं हो पा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शीघ्र ही यदि अनुकम्पा नियुक्ति के आदेश जारी नहीं किये तो सभी कर्मचारी कार्य का पूर्णतः बहिष्कार करेंगें। यह बात शैक्षणेत्तर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह पटैल ने कर्मचारियों की सभा को संबोधित करते हुए कही। संघ के महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय कर्मियों की 20 सूत्रीय जायज मांगो का निराकरण ना होने के कारण कर्मचारी संघ द्वारा 02 घंटे तक नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन आज तीसरे दिन भी जारी रहा। इस अवसर पर संघ के प्रेम प्रकाश पुरोहित, श्रीष दुबे, बैसाखू, अंकित श्रीवास, योगेन्द्र अग्निहोत्री, हरेकृष्ण पाण्डेय, संजय तिवारी, ओमप्रकाश शुक्ल, रजनीश पाण्डेय,सनी यादव, प्रवीण जायसवाल, जयशंकर पाण्डेय, राजेन्द्र कनौजिया के साथ भारी संख्या में विश्वविद्यालय के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नाबालिगा के साथ दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार



### 5 हजार का ईनाम था घोषित, लंबे समय से था फरार





**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** 17 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुरुचार करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बीते कई महिनों से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस कप्तान ने 5 हजार रुपए का ईनाम भी घोषित किया था। जानकारी अनुसार थाना ओमती में 10 अगस्त 2024 को 17 वर्षीय कीर्ति (परिवर्तित नाम) ने परिजनों के पास पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह नेपियर टाउन स्थित हॉस्टल में रहकर होम साइंस कॉलेज में बीएससी की पढ़ाई कर रही थी। 12 मार्च 2022 को होली की छुट्टी पड? के कारण उसे अपने घर जाना था। उसी दिन उसके फूफा मनीष द्विवेदी पिता गणेश प्रसाद द्विवेदी ग्राम विनैका थाना अमदरा जिला मैहर हाल निवासी झिजरी सिद्ध बाबाचौक पुलिस चौकी झिजरी थाना माधवनगर जिला कटनी का उसके पास फोन आया कि वह उसे लेकर उसके घर छोड़ देगा। दिन में लगभग 11 बजे उसके फूफा उसे लेने के लिए हॉस्टल पहुंचे और उसे रसल चौक स्थित एक होटल में काम के बहाने से ले गए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद उसके फूफा मनीष द्विवेदी ने उसे लस्सी में नीशीली दवा पिला कर बलात्कार की घटना को अंजाम दिया। इसके साथ ही उसके अश्लीप फोटो और वीडियो भी बना लिए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद फूफा ने फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार अन्य होटलों में ले जाकर बलात्कार किया और उसके साथ मारपीट भी की। इसके साथ ही धमकी भी दी कि अगर किसी को यह बात बताई तो जान से खत्म कर देगा।

### 5 हजार का ईनाम था घोषित

पीड़िता ने बताया कि आरोपी फूफा ने डरा धमकाकर उसके सारे एजूकेशन रिकार्ड भी ले लिए। जब उने विरोध किया तो आरोपी ने उसके अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिए थे। पीड़िता की शिकातय पर ओमती पुलिस ने आरोपी मनीष द्विवेदी के विरुद्ध 363,366, 376, 376 (2,5/6 पास्को एक्ट 67 आईटी एक्ट आदिविभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से ही आरोपी कई महिनों से फरार चल रहा था। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस कप्तान जबलपुर द्वारा 5 हजार का ईनाम भी घोषित किया था। आरोपी मनीष द्विवेदी को कटनी पुलिस ने गिरफ्तार कर महिला थाना पुलिस जबलपुर के सुपुर्द किया है। जहां से महिला थाना पुलिस द्वारा आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया है।

## सेवा की प्रतिमूर्ति थे स्व. ईश्वरदास रोहाणी : सांसद आशीष दुबे

### पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. ईश्वरदास रोहाणी जी की स्मृति में बनाया जा रहा सेवा भवन



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** 18 जून 2025 को माँ नर्मदा श्री उत्तम शांतिनाथ आश्रम, ग्राम हीरापुर बंधा, भोपाल रोड, तहसील शहपुरा में पूज्य श्री शांतिनाथ महाराज जी एवं पूज्य महामंडलेश्वर श्री ईश्वरानंद उत्तम स्वामी जी की पावन प्रेरणा से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. श्री ईश्वरदास रोहाणी जी दादा की स्मृति में नर्मदा परिक्रमवासी सेवा मंगल भवन का भूमि वास्तु पूजन कार्यक्रम सांसद आशीष दुबे के मुख्यातिथ्य, विधायक केन्ट विधानसभा क्षेत्र अशोक ईश्वदास रोहाणी की अध्यक्षता एवं विधायक बरगी विधानसभा क्षेत्र नीरज सिंह, विजय रोहाणी, पूर्व आयुक्त निःशक्तजन संदीप रजक, पूर्व आईएएस वेद प्रकाश की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सांसद आशीष दुबे ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर बनाए जा रहे सेवा भवन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और विधायक अशोक रोहाणी के प्रयासों की सराहना की, साथ ही इस कार्य में अपनी ओर से भी सहयोग करने आश्वस्त किया। केन्ट क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने कहा कि नर्मदा परिक्रमा करने वाले पथिकों के लिए यह मंगल भवन सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। इस अवसर पर माँ नर्मदा श्री उत्तम शांतिनाथ आश्रम ट्रस्ट के सदस्य संदीप पटेल, शशिकांत सोनी, सौरभ पटेल, संदीप शुक्ला, श्रीमती नीता रजक, निर्दोष यादव का सहयोग रहा।

## कांग्रेस की विचारधारा से जन जन जोड़ने का सृजन अभियान

### ब्लॉक कांग्रेस की बैठक




**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिहोरा।** सिहोरा कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी राष्ट्रवादी गांधीवादी विचारधारा की पार्टी है पार्टी के गौरव को एक बार फिर से स्थापित करने पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के आवाहन पर पार्टी की गांधीवादी विचारधारा से जन-जन को जोड़ने पार्टी ने सृजन अभियान प्रारंभ किया है यह बात पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक एवं हरिद्वार विधायक रवि बहादुर सिंह मुख्य अतिथि ने मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा की बैठक में शामिल पार्टी पदाधिकारी कार्यकताओं से कहीं इस मौके पर उपस्थित सभी कार्यकताओं ने जन-जन से जुड़कर पार्टी संगठन मजबूत बनाने का संकल्प लिया पीसीसी पर्यवेक्षक एवं जबलपुर जिला प्रभारी विधायक केवलारी ठाकुर रजनीश सिंह पूर्व मंत्री राजेंद्र मिश्रा कौशल्या गोटिया पूर्व विधायक नित्य निरंजन खंपरिया के विशिष्ट अतिथि तथा कांग्रेस पार्टी जबलपुर जिला ग्रामीण डॉक्टर नीलेश जैन की अध्यक्षता में बैठक हुई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बिहारी पटेल के संयोजन में हुई बैठक में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने बड़ी गंभीरता से बातचीत की गई बैठक में जबलपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष चयन के लिए दावेदारों के नाम की रायशुमारी की गई बैठक में जिला संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल अध्यक्ष युवा कांग्रेस जबलपुर चमन राय जिला पंचायत सदस्य प्रदीप पटेल वरिष्ठ केशव मिश्रा सुबोध पांडे प्रकाश कुररिया बब्बू यादव दुर्गेश पटेल सम्मति सैनी राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि बाबा कुरैशी पूर्व राज्यसभा सदस्य प्रतिनिधि अमोल चौरसिया प्रदेश महामंत्री किसान कांग्रेस पवन सोनी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव रुक्मणी गोटिया शिव कुमार गर्ग के के कुररिया डॉ रमेश पटेल मनीष खंपरिया मुकुल खंपरिया जिला मीडिया प्रभारी अभिषेक रिंकू शर्मा पार्षद कल्पना आलोक पांडे ममता गोटिया राजेश चौबे रमेश पटेल माधुरी गणेश दहिया पूर्व पार्षद एम मंसूर राजेश पटेल शंकर वंशकार रामलोचन कोल संदीप ब्यौहार दिलीप जैन कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग विधानसभा प्रभारी फैज आलम शाह ब्लॉक अध्यक्ष शेख साबिर गुलाम कुरैशी बालाराम तंतुवाय उमाकांत चौरसिया रामगोपाल पटेल विनय पटेल राहुल पांडे के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## " एक पेड़ मां के नाम" थीम पर जनशिक्षा केंद्र बरेला में किया गया पौधारोपण



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, जबलपुर।** प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन हेतु शासन द्वारा चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान के अंतर्गत "एक पेड़ मां के नाम"थीम पर जनशिक्षा केंद्र पीएम श्री शा.क.उ.मा. वि. बरेला में जनशिक्षा केंद्र प्रभारी एवं प्राचार्य आशीष कुमार पण्डया के करकमलों से मेवा प्रजाति के अंतर्गत बादाम के पेड़ का पोधरोपण किया गया।इस अवसर पर जनशिक्षक द्वय संतोष कुमार झारिया एवं नीरज साहू, शिक्षकगण श्रीमति मुक्ति खरे, श्रीमति मनीषा कश्यप, पी. डेनियल,सुनीता शुक्ला,रचना मेहरा, नीलिमा श्रीवास्तव, सविता दाहिया जगरूप पटेल आदि उपस्थित रहे।

ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड वॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयाँ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार, कार्यकारिणी संपादक विक्रम सेन* RNI. Reg. No MPHIN39695 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592

# पुलिस के कार्य मे बाधा डालने वाले, हाथापाई करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार, 2 फरार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर/कोतमा।** जिले के थाना कोतमा क्षेत्र में पुलिस के शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं पुलिसकर्मियों से हाथापाई करने वाले तीन आरोपियों को कोतमा पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहाँ से उन्हें जेल वारंट पर जिला जेल अनूपपुर भेजा गया। 13 जून की रात्रि को थाना कोतमा के अपराध क्रमांक 106/25 धारा 13 जुआ एक्ट में फरार आरोपी मो. आकिब पिता अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी, जो लगातार सूचना देने के बाद भी थाने में उपस्थित नहीं हो रहा था, उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम ने दबिश दी। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी मो. आकिब के साथ-साथ अन्य व्यक्तियों द्वारा शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाई गई और प्रधान आरक्षक संजीव त्रिपाठी एवं रामखेलावन यादव के साथ धक्का-मुक्की, अश्लील गाली-गलौज कर उन्हें जबरन घर के अंदर कर बंधक बना लिया गया था। प्रधान आररक्षक संजीव त्रिपाठी की शिकायत पर पुलिस ने पांच लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया था। शासकीय कार्य में बाधा डालने के साथ पुलिस को बंधक बनाने की कोशिश और उनसे धक्का मुक्की करने के पर पांच व्यक्तियों के खिलाफ



मामला दर्ज किया था। जिसमें पुलिस ने तीन आरोपियों जिनमें मो. आकिब पिता अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी, अब्दुल रसीद उर्फ छेद्दी पिता अब्दुल समद एवं अब्दुल मुईद पिता अब्दुल समद को गिरफ्तार कर उन्हे जेल भेज दिया गया है। वहीं दो आरोपी अब्दुल मुजीब पिता अब्दुल समद एवं अब्दुल बांके पिता अब्दुल समद सभी निवासी ग्राम लहसुई थाना कोतमा अब भी मौके से फरार है, जहां पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई है।

# बोलेरो कांड से मचा हड़कंप, अमन की मौत के अफवाह पर बंद का आह्वान, प्रशासन पर उठे सवाल

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर/कोतमा।** जिले के कोतमा नगर में बोलेरो वाहन से युवक अमन नामदेव को कुचलने की घटना के बाद पूरे नगर में आक्रोश फैल गया है। अमन गंभीर रूप से घायल होने के बाद जबलपुर मेडिकल कॉलेज में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा था, जहां बाद में उसकी मृत्यु की अफवाह खबर ने नगरवासियों को झकझोर दिया। इस घटना के विरोध में नगर बंद का आह्वान किया गया, और पूरे जिले की पुलिस बल को आनन-फानन में कोतमा में तैनात कर दिया गया। प्रशासन की इस तत्परता पर नागरिकों ने सवाल उठाए हैं कि जब नगर में निरंतर अपराध हो रहे थे, तब प्रशासन ने कभी क्यों नहीं चेतना दिखाई अपराधियों के विरुद्ध ढुलमुल कार्रवाई और बाहरी तत्वों के बढ़ते प्रभाव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है। नगरवासियों का आरोप है कि रेत, शराब, और अन्य व्यवसायों में लिप्त बाहरी कारोबारियों के विरुद्ध पुलिस ने कभी उनकी वैरिफिकेशन तक नहीं की। उनकी आपराधिक पृष्ठभूमि पर भी ध्यान नहीं दिया गया।शुक्रवार को ढाबा के पास बोलेरो वाहन से कुचलने की घटना सामने आई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना किसी सुनियोजित साजिश की ओर इशारा करती है। घटना के समय बोलेरो में कुल कितने लोग सवार थे, विवाद किन कारणों से हुआ था, क्या किसी शराब ठेकेदार ने



जानबूझकर अमन को कुचलवाने का आदेश दिया, बोलेरो चालक ने किसके कहने पर वाहन चढ़ाया, क्या पुलिस को घटना का पूरा सच ज्ञात है, फिर भी वह मौन क्यों है, अब तक सभी नाम सार्वजनिक क्यों नहीं किए गए, पीड़ितों को न्याय के लिए कब तक प्रतीक्षा करनी होगी, क्या नेताओं की चुप्पी किसी दबाव की ओर इशारा करती है। नगरवासियों का कहना है कि अब सिर्फ गिरफ्तारी नहीं, बल्कि सच्चाई चाहिए। सिर्फ बयान नहीं, जवाबदारी चाहिए। अमन के साथ न्याय कब, न्याय के लिए जनता की आवाज बुलंद होनी चाहिए, वरना हर अमन ऐसे ही कुचले जाते रहेंगे, यह मामला न केवल एक युवक की कुचलने का है, बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता, अपराधियों के संरक्षण और न्याय की मांग का प्रतीक बन गया है। नगरवासियों की आवाज अब प्रशासन को जवाबदेह बनाने के लिए गूंज रही है।



# चीरघर बना कबाड़खाना, लगा कचरो का अंबार, नही हो रही साफ सफाई, प्रशासन नहीं ले रहा सुधि

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर/अमरकंटक।** जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में मृतक जनों के किए जाने वाले शव विच्छेदन का घर चीरघर पूरी तरह से कबाड़ खाने में तब्दील हो गया है, पोस्टमार्टम किए जाने वाले भवन के अंदर की दशा देखने लायक है, वहां पूरी तरह से कचरा जमा हुआ है, साफ सफाई नहीं है, चीर घर में आवारा पशुओं ने अपना डेरा जमा लिया है। पवित्र नगरी अमरकंटक के चीर घर में दुर्दशा का आलम है, उक्त चीरघर में मृतक के शव को किन परिस्थितियों में विच्छेदन किया जाता होगा, इसका अंदाजा आप सहज ही लगा सकते हैं, बने कमरों के अंदर गंदगी का साम्राज्य है, अब उक्त भवन कबाड़ खाने की स्थिति में आ गया है, ना तो उक्त भवन का साफ सफाई की जाती और ना ही आवश्यक मरम्मत सुधार तथा उक्त भवन का रंग रोगन ही किया जाता है, इसके साथ ही उक्त चीज घर भवन के दरवाजे की हालत बहुत ज्यादा खराब है, भवन के साथ न्याय नहीं हो रहा आखिरकार चीरघर भवन की व्यवस्था की जिम्मेदारी किस विभाग के पास है, आखिर प्रशासन इस दिशा में क्यों ध्यान नहीं दे रहा । आवश्यकता पड़ने पर मृतक का शव को शायंकाल या रात्रि में उक्त चीर घर में रखा जाता है, चीरघर तक पहुंचने वाला रास्ता भी बेहद खराब हालत में है, क्या जिला प्रशासन या स्थानीय नगर परिषद अमरकंटक इस ओर ध्यान देकर आवश्यक कार्यवाही कर चीरघर का सुधार मरम्मत तथा साफ सफाई आदि करने की जहमत उठयेगा। या फिर उसे इस हाल में रहने देगा, क्या स्थानीय जनप्रतिनिधि चीर घर का कायाकल्प करने हेतु प्रयास करेंगे।

# विजय पंडा बने असेंबली आफ एम पी जर्नलिस्ट जिला अध्यक्ष, लोगो ने दी शुभकामनाएं

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** असेंबली आफ एम पी जर्नलिस्ट्स के प्रदेश अध्यक्ष राधा वल्लभ शारदा के निर्देश पर, प्रांतीय उपाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह के अनुशंसा पर, संभाग अध्यक्ष नीरज गुप्ता व संभाग महासचिव आनंद पाण्डेय की सहमति पर, विजय पंडा को असेंबली आफ एम पी जर्नलिस्ट्स अनूपपुर जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विजय पंडा कई वर्षो से पत्रकारिता के क्षेत्र में अनूपपुर व शहडोल जिले में पत्रकारिता क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विजय पंडा इससे पहले कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के पद पर कार्य कर रहे थे। इनके नियुक्ति से असेंबली आफ एम पी जर्नलिस्ट्स यूनियन को इनकी मेहनत, लगन व कार्यकुशलता से संघटन को मजबूती मिलेगा। इनके जिलाध्यक्ष नियुक्त होने के बाद पूर्व की जिला कार्यकारिणी की नियुक्ति रद्द कर दी गयी हैं। असेंबली आफ एम पी जर्नलिस्ट्स पत्रकारों का संगठन है जो कि श्रम विभाग



में पंजीकृत हैं। प्रदेश अध्यक्ष का मानना है कि जब कार्य का बंटवारा हो जाता है तो काम गति पकड़ लेता है। विजय पंडा की नियुक्ति से जिला संगठन में हर्ष का माहौल है, लोग शुभकामनाएं दे रहे हैं। बधाई देने वाले में संभागीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता , संभागीय महासचिव आनंद पाण्डेय , संभागीय सचिव मिश्रा, संभागीय कार्यवाहक अध्यक्ष विनय शुक्ला, शहडोल जिलाध्यक्ष विनय मिश्रा, जुगल किशोर, उमरिया जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता, अनूपपुर जिला महासचिव श्रीराम केवट , अनूपपुर जिला सचिव विकास कुमार साह, अनूपपुर तहसील अध्यक्ष सुदीप्ता मंडल, अनूपपुर तहसील उपाध्यक्ष नितेश सिंह परमार, अनूपपुर तहसील उपाध्यक्ष रवि कुमार मिश्रा, अनूपपुर नगर अध्यक्ष अविरल गौतम, कोतमा ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार बैस, कोतमा ब्लॉक सचिव मुनेंद्र यादव, कोतमा ब्लॉक उपाध्यक्ष विनोद कुमार पाण्डेय, अनूपपुर ब्लॉक उपाध्यक्ष मानवेंद्र विक्रम सिंह, कोतमा ब्लॉक उपाध्यक्ष इंद्रपाल यादव, आदि संगठन के पदाधिकारी ने बधाई दी।



# शासकीय महाविद्यालय में अव्यवस्थाओं का अंबार, स्थानांतरित प्राध्यापक की रिलीविंग लंबित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर/कोतमा।** जिले के शासकीय महाविद्यालय कोतमा में इन दिनों शिक्षा व्यवस्था अव्यवस्थाओं के दलदल में फंसी हुई है। महाविद्यालय में पदस्थ सहायक प्राध्यापक वोस्को लकडा स्थानांतरण शासकीय महाविद्यालय रामपुर नैकिन में 09 जून 2025 को आदेशित किया गया था, किंतु आज तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया है। बताया जा रहा है कि वोस्को लकडा कोतमा महाविद्यालय में परीक्षा प्रभारी पद पर नियुक्त हैं, जबकि उनकी अनुपस्थिति में परीक्षा कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। वहीं परीक्षा संचालन में लगे अन्य स्टाफ को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय शिक्षकों के अनुसार परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी संभालने के लिए प्रशासन को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। वहीं यह भी जानकारी मिली है कि पूर्व में भी वोस्को पर कई शिकायतें दर्ज हो चुकी हैं, इसके बावजूद उन्हें पुनः परीक्षा प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ किया गया। इसके अतिरिक्त सहायक प्राध्यापक वी.के. सोनवानी के सांठ-गांव के कारण अभी तक उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया गया है। इन सभी मामलों से महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। छात्रों एवं स्टाफ की मांग है कि जल्द से जल्द स्थानांतरित प्राध्यापकों को कार्यमुक्त किया जाए एवं परीक्षा संचालन में सुचारुता लाने हेतु वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

# न्यायालय को गुमराह कर फर्जी फौती नामांतरण के मामले पर थाने में कब दर्ज होगा मामला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर/कोतमा।** जिले के कोतमा तहसील क्षेत्र अंतर्गत पटवारी हल्का रेउसा ग्राम रेउसा में भू माफिया अंजनी राव निवासी कोठी ने तत्कालीन हल्का पटवारी रेउसा मिथिलेश तिवारी से सांठ-गांठ कर ग्राम पंचायत कोठी के सरपंच से कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर पुश्तैनी भूमि स्वामी स्व. गोविंद राव पिता भगवानदीन राव निवासी ग्राम रेउसा वर्तमान निवासी बुढार जिला शहडोल की आराजी खसरे की भूमि का हड़पने के लिए ग्राम पंचायत कोठी के सरपंच से फर्जी सेजरा खानदानी प्रमाण पत्र एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराकर न्यायालय तहसील कोतमा में वारिसनामा फौती नामांतरण का आवेदन प्रस्तुत दिया किया गया। जिसके बाद न्यायालय तहसील कोतमा ने उक्त आराजी खसरे नम्बर की भूमियों का फौती नामांतरण भू माफिया अंजनी राव पिता जगदीश राव निवासी कोठी के नाम पर भूमि का फौती नामांतरण कर दिया गया । भू




माफिया अंजनी राव के नाम आराजी खसरे की भूमि फौजी नामांतरण होते ही भू माफिया ने ग्राम पंचायत रेउसा पंच राजू जायसवाल पिता बली जायसवाल, कमलेश जायसवाल पिता बली जायसवाल एवं गोमती जायसवाल को कई लाखों रुपए में सौदेबाजी कर आनन-फानन में विक्रय कर रजिस्ट्री कर दी, इस फजीर्वाड़े की जानकारी पुश्तैनी भूमि स्वामी गोविंद राव पिता भगवानदीन के सही वारिस अजय राव को लगी, तब कोतमा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई और फजीर्वाड़े में लिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की गई।।फजीर्वाड़े की पोल खुलता देख आनन-फानन में भू माफिया अंजनी राव एवं पटवारी मिथिलेश तिवारी थाने पर समझौता करने के लिए जुट गए, इस फजीर्वाड़े में कहीं न कहीं पटवारी मिथिलेश तिवारी की भूमिका संदेहास्पद रही ,किन्तु पटवारी को इस हाल मामले पर अभयदान दे दिया गया है और पटवारी अपने वर्तमान हल्के से कहीं और स्वयं स्थानांतरण करने के फिराक में लगे हुए हैं।

# शिव मारुति युवा संगठन ने कुए में गिरे गाय को रेस्क्यू कर निकाला

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 9 लाल दास गोल्ड पैलेस के पीछे बाबा कॉलोनी में कुएं में गिरी गाय शाम 7 बजे सूचना मिलते ही शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर की टीम ने तत्काल पहुंच कर संगठन के सदस्यों ने 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद एनडीआरफ की टीम एवं नगर पालिका के सहयोग से सुरक्षित निकालकर प्राथमिक उपचार किया गया। शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों द्वारा मौके पर पहुंच कर राहुल अग्रहरि, इशांक केशरवानी, प्रदीप सिंह श्याम,सुशील राठौर, मनीष राठौर,अंश गुप्ता, संगठन के सभी सदस्य एवं जेसीबी चालक गोपाल राठौर और एनडीआरफ के कर्मचारियों का विशेष सहयोग द्वारा गौ माता को सही सलामत बाहर निकाला गया, यह 3 घंटे का विशेष रेस्क्यू किया गया। इस कड़ी मेहनत और सफलतापूर्वक कार्य के लिए संगठन के उपाध्यक्ष राहुल अग्रहरि ने अपनी टीम शिव मारुति युवा संगठन सामतपुर के सदस्यों और सभी जन मानस को धन्यवाद ज्ञापित किया है।




# पुलिस का सनसनीखेज खुलासा, ससुर का बहू ने गला रेतकर की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** जिले के थाना कोतवाली अंतर्गत बिलासपुर चौकी के बिरसिंहपुर ग्राम मे बीते मांह हुई चंद्रप्रकाश तिवारी की नृशंस हत्या मामले मे उन्ही की बहू को गिरफ्तार किया गया है। गत दिवस घटना का सनसनीखेज खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि इस वारदात को मृतक की बहू रंजना तिवारी ने ही अंजाम दिया था। उल्लेखनीय है कि 65 साल के चंद्रप्रकाश तिवारी का गत 15 व 16 मई की रात उन्ही के घर मे धारदार हथियार से गला रेत कर कत्ल कर दिया गया था। इस मामले मे पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान शक की सुई मृतक की बहू रंजना तिवारी की ओर घूमने के बाद पुलिस टीम ने उससे सघन पूछताछ शुरू की। इसी दौरान आरोपिया ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुये बताया कि चंद्रप्रकाश तिवारी ने उसे संपत्ति देने से इंकार करते हुए घर से निकाल दिया था। इसी बात पर बहू ने ससुर की हत्या का प्लान तैयार कर लिया। घटना की रात रंजना तिवारी अपने गृह ग्राम बडखेरा से बिरसिंहपुर आयी और बरामदे मे सो रहे वृद्ध ससुर पर कुल्हाड़ी से भरपूर वार कर उसकी हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपिया कुल्हाडी एवं घटना के दौरान टूटी चूडिां रास्ते मे पडे वाले बन्ना नाले मे फेंक कर वापस चली गई। पुलिस द्वारा महिला आरोपी की निशानदेही पर घटना मे प्रायुक्त कुल्हाडी बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया है।

# किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पेट दर्द से थी परेशान, पुलिस जांच में जुटी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के लखनपुर गांव में 15 वर्षीय किशोरी ने पेट के दर्द से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव में शोक की लहर पैदा कर दी है, जब किशोरी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर जीवन समाप्त करने का कठोर फैसला किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस के अनुसार, पार्वती विश्वकर्मा अपने परिवार के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने गई थी, अचानक पेट दर्द से परेशान होकर वह घर लौट आई। पार्वती के पिता रामसहाय ने बताया कि मेरी बेटी को पिछले कुछ दिनों से पेट में दर्द की समस्या थी और हम उसका इलाज करवा रहे थे, लेकिन उसे




कोई राहत नहीं मिल रही थी। परिवार के लोग विवाह समारोह से लौटने के बाद रात में सो गए, लेकिन सुबह जब पार्वती अपने कमरे से बाहर नहीं निकली, तो पिता ने उससे चाय बनाने के लिए आवाज लगाई। जब उसे कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो रामसहाय ने बेटी के कमरे का दरवाजा खटखटाया। इसके बाद, जब कोई आवाज नहीं आई, तो उन्होंने रोशनदान से झांककर देखा और पाया कि पार्वती फांसी के फंदे में झूल रही थी।आस-पास के लोग जब चीख-पुकार सुनकर आए, तो उन्होंने मामले की जानकारी पुलिस को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। जयसिंहनगर पुलिस ने कहा हमने पार्वती के पिता का बयान दर्ज किया है। उन्हें आशंका है कि उसकी बेटी मानसिक तनाव में थी, जो उसके लंबे समय से चल रहे पेट दर्द के कारण उत्पन्न हुआ होगा। पिता रामसहाय ने यह भी बताया कि वे अपनी बेटी के इलाज के लिए स्थानीय चिकित्सक के पास गए थे, लेकिन कोई सुधार नहीं हो रहा था। हमने हर संभव प्रयास किया।

# शिक्षा के नए सत्र से नई प्लानिंग के साथ क्रियान्वित होंगे होस्टल्स



## ब्रेकफास्ट, लंच, नाश्ते और डिनर के समय पोस्ट करनी होगी फोटो, अधीक्षकों सहित जनजाति कार्य विभाग को ततपर रहने के कलेक्टर श्री मीना ने दिए निर्देश

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बरघाट।** शिक्षा का नवीन सत्र 16 जून से प्रारम्भ हुआ है। इस सत्र से जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत संचालित हो रहें, सभी होस्टल्स का संचालन नई प्लॉनिंग से किया जाएगा। इसके लिए बुधवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने जनजाति कार्य विभाग अंतर्गत समस्त छात्रवास अधीक्षकों के साथ बैठक की। उन्होंने मुख्य रूप से जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी तरह लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। होस्टल्स में पालक होकर कार्य करना है। मुख्य रूप से बच्चों के भोजन की चिंता रखें, हालांकि इसके लिए जिला स्तर से अलग तरह से निगरानी की जाएगी। मैन्यू का हर हाल में पालन करते हुए चारो समय ब्रेकफास्ट, लंच, शाम के नाश्ते और रात के भोजन के अलग-अलग फोटो शेयर करने होंगे। कलेक्टर श्री मीना ने सहायक आयुक्त राहुल नायक को छात्रवासों के समुचित रूप से क्रियान्वयन के लिए फ्री हैंड करते हुए कहा कि कही भी लापरवाही पर वेतन और सस्पेंशन की कार्यवाही करें, लेकिन क्रियान्वयन से छात्रों को लाभ होना चाहिए।

### सेफ्टी रिलेटेड मसलों पर ज्यादा फोकस करना होगा

कलेक्टर श्री मीना ने सभी होस्टल्स के अधीक्षकों से कहा कि छात्रवासों में सुरक्षा का एक बड़ा क्षेत्र है। किसी भी समय गैर हाजिर रहना ठीक नही होगा। भोजन के साथ ही बिजली, पानी, खेल कूद और स्वास्थ्य जैसे कई मसले है। जिन पर निगरानी बहुत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने सहायक आयुक्त नायक को नही इसकी जवाबदेही के लिए निर्देशित किया है। सहायक आयुक्त श्री नायक ने अधीक्षकों से कहा कि होस्टल्स में मेहमान बनकर न जाये, पालक के रूप में जिम्मेदारी ले। शिक्षावर्त्ति हर दिन दर्ज दर्ज करना होगा, इसमे कोताही नही बरती जाए। हर काम में पारदर्शिता के साथ सुनिश्चित की जानी है, इसका प्राथमिकता से ध्यान रखा जाए। इस बैठक में मण्डल संयोजक जोगेंद्र वासनिक, बीसन सिंह बिलखरे व सुश्री रीनल उइके उपस्थित रहे।

15 हजार रोजगार देने वाले इन्वेस्टमेंट पर कार्य योजना बनना प्रारम्भ, प्रशासनिक तैयारियों का खांका कृषि और उद्यानिकी विभाग बनाएंगे

# कृषि उत्पादन की महत्वपूर्ण बैठक का तीसरा चरण हुआ सम्पन्न, पट्टाधारियों के नामान्तरण को कृषि, ट्राइबल व फारेस्ट विभाग आपसी समन्वय से करेंगे सूनिश्चित





**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** बालाघाट की उपजाऊ भूमि पर कुछ विशेष महंगे व मांग के अनुसार अत्यंत उपयोगी मेवों के उत्पादन के बेहतर आसार को देखते हुए इन्वेस्टर्स भी आकर्षित हुए है। इस अवसर को प्रशासन ने भुनाने के प्रयास प्रारम्भ कर दिए है। बुधवार को कलेक्टर मृणाल मीना ने कृषि उत्पादन की महत्वपूर्ण तीसरे चरण की बैठक में कृषि और उद्यानिकी विभाग को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने निर्देश दिए है कि काजू, चिरौंजी, राजगिरा (रामदाना) चिंनोर और आमचूर के उत्पादन, किसानों की संख्या रकबा और प्रशासनिक प्रयासों की जानकारी बनाने के निर्देश दिए है। हालांकि उद्यानिकी विभाग को 2 सप्ताह पहले इस तरह की जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। उद्यानिकी विभाग उपसंचालक क्षितिज कराड़े द्वारा पर्याप्त जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई। अब इसमें कृषि विभाग को भी जोड़ते हुए खांका तैयार करने के निर्देश दिए है। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने जिले में कोदो कुटकी के साथ ही अरहर का उत्पादन बड़ाने के सम्बंध में कृषि विभाग से प्लान तैयार करने को कहा है। साथ ही उर्वरक की उपलब्धता तथा वितरण के लिए प्लानिंग के साथ वितरण कराने के निर्देश दिए है। बैठक में जिपं सीईओ अभिषेक सराफ, कृषि उपसंचालक फूलचंद मालवीय, राजेश कुमार खोबरागड़े व अन्य कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहें।

### उद्यानिकी व कृषि विभाग मिलकर स्प्रिंकलर को देंगे बड़ावा

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने कृषि और उद्यानिकी विभाग को परसवाड़ा, बिरसा और बैहर क्षेत्र के किसानों को स्प्रिंकलर योजना से जोड़ने तथा प्रोत्साहन देने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कृषि उत्पादन की असीम सम्भावनाये है, इसके लिए किसानों को स्प्रिंकलर की योजना के सम्बंध में सूचनाएं जानकारी दे। ताकि किसान इन अतिआवश्यक योजनाओँ का लाभ ले सकें। साथ ही मिट्टी परीक्षण पर विभाग का फोकस बड़ाने तथा किसानों को मिट्टी जांच रिपोर्ट प्रदाय करने के निर्देश दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, कृषि उपसंचालक फूलचंद मालवीय, जिला मत्स्य अधिकारी श्रीमती पूजा रोडगे, आत्मा परियोजना संचालक अर्चना डोंगरे व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### एफआरए पट्टाधारियों की समस्या का निर्धारण आपसी समन्वय से करना होगा सुनिश्चित

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान कृषि विभाग से एफआरए पट्टाधारियों की अपडेट जानकारी प्राप्त की। डीडीए एग्रीकल्चर द्वारा बताया गया कि जिले में 6392 कृषकों के एफआरए के साथ ही 4978 कृषकों के केसीसी तैयार कर लिए गए है। कलेक्टर श्री मीना ने प्रगति बड़ाने के निर्देश दिए है। साथ ही उन्होंने नामांतरण के इसु को लेकर फारेस्ट व डीडीए एग्रीकल्चर के साथ ही ट्राइबल को समन्वय स्थापित कर नामांतरण की समस्या को क्लियर करने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने कृषि विभाग को विशेष रूप से निर्देश दिए कि जिले में जितने भी कृषि पट्टेधारी है उन्हें पीएम किसान सम्मान व केसीसी से जोडने के निर्देश दिए है।

### जिले में सुपर सीडर की संख्या बड़ानी होगी

किसानों की लागत कम करने के लिए सुपर सीडर और हैप्पी सीडर उपयोग किया जाता है। कलेक्टर श्री मीना ने बैठक के दौरान जिले में सुपर सीडर/हैप्पी सीडर की अपडेट जानकारी कृषि विभाग से प्राप्त की। जिसमे बताया गया कि जिले में 14 ही हैप्पी सीडर उपलब्ध है। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि जिले में धान का रकबा अधिक है। ऐसे में 14 हैप्पी सीडर सीमित पर्याप्त नही है। उन्होंने सहायक कृषि अभियांत्रिकी को निर्देशित किया सुपर सीडर में प्रगति लाना अनिवार्य है।

### सीएचसी कस्टम हायरिंग सेंटर की संख्या में लानी होगी प्रगति

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना द्वारा नरवाई प्रबंधन की उपलब्धता को लेकर अपडेट जानकारी ली गई। कृषि उपसंचालक श्री खोबरागड़े ने बताया कि जिले में 40 कस्टम हायरिंग सेंटर है। कलेक्टर श्री मीना ने हायरिंग सेंटर की संख्या में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्हें कहा कि जो इनएक्टिव है उन्हें भी एक्टिव करवाये। वहीं जिनके पंजीयन बाकि है उनके भी शीघ्र पंजीयन करवाना सुनिश्चित करे।

### फॉर्म वाइस प्रोडक्टिविटी की देनी होगी अपडेट रिपोर्ट

कलेक्टर श्री मीना ने शासकीय कृषि प्रक्षेत्रों की उत्पादकता को लेकर जिले की उत्पादकता को लेकर विभाग से अपडेट जानकारी प्राप्त की। चूँकि जिले में धान की उत्पादकता बेहतर होने के बावजूद भी जिले की प्रगति कम है। इसके लिए उन्होंने कृषि विभाग से फॉर्म वाइस प्रोडक्टिविटी की डिटेल जानकारी मांगी हैं। साथ ही निर्देशित किया गया कि विभाग को टारगेट के साथ प्रोडक्टिविटी में तेजी से प्रगति लाना होगा।

### एमपी फॉर्मगेट एप्प में पंजीयन कम, मंडी सचिव ने बताई वजह

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने मंडी सचिव से एमपी फॉर्मगेट एप्प में पंजीयन की अपडेट जानकारी मांगी। मंडी सचिव ने बताया कि प्रदेश में दो मंडियों बालाघाट एवं लश्कर को डिजिटल मंडी निर्धारित किया गया है। साथ ही जिले की सातों मंडियों को ई मंडी घोषित किया गया है। मंडी सचिव ने बताया कि एमपी फॉर्मगेट एप्प में अब तक कुल 3625 पंजीयन किये गए है। वहीं खैरलांजी में पंजीयन शून्य है। कलेक्टर श्री मीना द्वारा वजह पूछने पर मंडी सचिव ने जानकारी दी कि वारासिवनी के नजदीक होने तथा राइस मिलो की अधिकता होने की वजह से यहाँ पंजीयन की स्थिति शून्य है। कलेक्टर श्री मीना ने ऐसी स्थिति में मंडी को बंद करने का प्रस्ताव तैयार करने के मंडी सचिव को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने ई मंडी में भी जिले की प्रगति कम पाए जाने पर शीघ्र ही प्रगति बड़ाने के निर्देश दिए है।

### जिले में कोदो कुटकी की खरीदी व सप्लाई को बड़ाना होगा

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने जिले में कोदो व कुटकी की खरीदी एवं सप्लाई की भी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि अधिकतर बालाघाट जिले में कोदो कुटकी की खरीदी व सप्लाई अन्य राज्य से होती है। जिसे नियंत्रण में रखकर अपने ही जिले में इसकी प्रगति में बड़ावा देना निर्धारित करना होगा।

## मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने आयोजित किया ग्रामीण रंग-पर्यटन संग कार्यक्रम




**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मप्र टूरिज्म बोर्ड द्वारा संचालित ग्रामीण पर्यटन एवं जनजातीय पर्यटन परियोजना के तहत एक दिवसीय कार्यक्रम ग्रामीण रंग-पर्यटन संग का आयोजन बुधवार को सुबह 11 बजे कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्टीय कन्वेंशन सेंटर (मिन्टो हॉल) भोपाल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन ने की। माननीय मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में तैयार होमस्टे का वर्चुअल उद्घाटन किया जिससे ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। जिले के ग्राम सुरवाही के अंकित रस्तोगी होम स्टे संचालक को बेस्ट बेड एंड ब्रेकफास्ट का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देना और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री मप्र शासन, मप्र टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी और सदस्य विभिन्न जिलों के होमस्टे संचालक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## नगर परिषद कटंगी के प्रभारी सीएमओ होंगे बी.एल. लिल्हारे, आर.पी. श्रीवास्तव का गंजबसौदा स्थानांतरण



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** नगरपालिका परिषद बालाघाट और नगर परिषद लांजी के प्रभारी सीएमओ के रूप में कार्य कर चुके बी.एल. लिल्हारे का नगर परिषद कटंगी में प्रभारी सीएमओ के पद पर स्थानांतरण किया गया है। जबकि परिषद मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर.पी. श्रीवास्तव, इसी पद पर नगरपालिका परिषद गंजबसौदा में स्थानांतरित किए गए है।

दरअसल, प्रदेश में चल रहे स्थानांतरण प्रक्रिया के तहत जबलपुर संभाग के निकायो में पदस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों को अन्यत्र निकायो में स्थानांतरण कर पदस्थ किए जाने के आदेश, संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग ने गत दिवस जारी किए है। जिसमें लांजी नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ बी.एल. लिल्हारे की नई पदस्थापना, कटंगी नगर परिषद के सीएमओ पद पर की गई है। जबकि लांजी नगर परिषद में प्रभारी मुख्य नगरपालिका के पद पर मयूर वाहने को पदस्थ किया गया है।

बी.एल. लिल्हारे के कटंगी नगर परिषद में प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी बनाए जाने पर स्नेहीजनों और शुभचिंतकों ने खुशी जाहिर की है।

## नकली खाद से भरा ट्रक पकड़ाया



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बरघाट।** अंतर्गत धारना कलां गांव में नकली खाद से भरा ट्रक पकड़ाया है। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार 18 जून 2025 बुधवार को धारना कलां गांव से नकली खाद से भरा ट्रक पकड़ाया है। धारना कलां गांव ने नकली खाद की बोरिया खाली करने के बाद बाकी की बोरिया अन्य जगह खाली करने ट्रक आगे की ओर जा रहा था तभी पुलिस को सूचना मिलते ही बरघाट पुलिस ने ट्रक को बरघाट थाना में खड़ा करवा लिया गया है आगे कार्रवाई पुलिस कर रही है।

## पीएम किसान के हितग्राहियों की मृत्यु उपरांत वारिसान की बनाई जाएगी फॉर्मर आईडी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** भारत सरकार की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत प्रत्येक कृषि भूधारी की फॉर्मर आईडी बनाया जाना अनिवार्य है। चूँकि फॉर्मर आईडी होने पर ही जिले के पात्र हितग्राहियों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ अर्जित हो पायेगा। इस संबंध में भू अभिलेख आयुक्त श्रीमती अनुभा श्रीवास्तव द्वारा समस्त जिला कलेक्टर्स को निर्देशित किया गया है कि वे जिला अंतर्गत प्रत्येक पात्र हितग्राही की फॉर्मर आईडी का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए है कि जो पीएम किसान हितग्राही मृत हैं तो उनके वारिसान के नाम अद्यतन करने के उपरांत उनकी फार्मर आईडी बनाया जाना सुनिश्चित करवाये। आयुक्त श्रीमती श्रीवास्तव ने सभी जिला कलेक्टर्स से अपील की है कि वे पंजीकृत स्थानीय युवा के माध्यम से लक्ष्य अनुसार पंजीयन माह जून 2025 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जिससे की विपरीत स्थिति निर्मित न होने पाए एवं हितग्राहियों को शासन की योजना का सहसा लाभ प्राप्त हो सकें।

### एएनएम भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन की सूचना

**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अंतर्गत एएनएम,महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता की सीधी भर्ती के संबंध में उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेश के परिपालन में यह सूचना जारी की गई है। जो अभ्यर्थी कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2023 में आयोजित समूह-5 के अंतर्गत एएनएम की सीधी भर्ती के लिए आयोजित संयुक्त परीक्षा उत्तीर्ण की है और जिनका नाम मेरिट सूची में है तथा जिन्हें बालाघाट जिला आवंटित हुआ था। वे सभी अभ्यर्थी अपने दस्तावेजों का सत्यापन कराने के लिए कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं। अभ्यर्थियों को अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ कार्यालय में उपस्थित होना होगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद नियुक्ति संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। नियुक्ति में वरीयता चयन सूची में अभ्यर्थियों की वरीयता के अनुसार ही दी जाएगी। समस्त प्रक्रिया 30 जून 2025 तक पूर्ण की जाएगी।

## शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

गुड टच और बेड टच से छात्राओं को अवगत कराया गया



**दैनिक रेवांचल टाइम्स बालाघाट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला न्यायाधीश प्राणेष कुमार प्राण के कुशल मार्गदर्शन में बुधवार को शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या विद्यालय में विधिक साक्षरता और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य छात्राओं को विभिन्न विधिक प्रावधानों और उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करना था। न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश शर्मा ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा और उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा योजना 2015 शामिल है।

उन्होंने मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों और विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। श्री शर्मा ने मध्यस्थता योजना और भारतीय संविधान में उल्लेखित मूल अधिकार और मूल कर्तव्य के संबंध में भी जानकारी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे ने साइबर अपराधों से बचाव, भारतीय न्याय संहिता, लीगल एड डिफेंस काउंसिल योजना, लोक अदालत और पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गुड टच और बैड टच के बारे में भी जानकारी दी और छात्राओं को इनसे बचने के तरीके बताए।

श्री धुर्वे ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम और घरेलू हिंसा अधिनियम के बारे में भी जानकारी प्रदान की। इस शिविर में प्राचार्य मनोज जैन, शिक्षक शिक्षिकाएं व अन्य छात्राएं उपस्थित रही।